!! श्री कृष्ण शरणम् ममः!!

आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2015/63660

वर्ष-08 । अंक 317 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

भोपाल, इंदौर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

भोपाल

शुक्रवार, 21 फरवरी, 2025

चैंपियंस ट्रॉफी

# भारत की विजयी शुरूआत



शुभमन गिल का शानदार शतक, शमी गेंदों ने चटकाए 5 विकेट

शुभमन गिल **101** रन **129** बॉल

## बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया

**दुबई।** भारतीय टीम ने शुभमन गिल के शतक की मदद से बांग्लादेश को चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में छह विकेट से हरा दिया है। मोहम्मद शमी की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया था और बांग्लादेश को 49.4 ओवर में 228 रन पर रोक दिया था। जवाब में भारत ने गिल के 129 गेंदों पर नौ चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 101 रनों की बदौलत 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर मैच जीता। भारतीय टीम ने इस तरह चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ थी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान रोहित शर्मा और गिल ने भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी, लेकिन रोहित 41 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद टीम ने विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल के विकेट गंवाए। कोहली ने 22 रन, श्रेयस ने 15 और अक्षर ने आठ रन बनाए। इसके बाद केएल राहुल ने गिल के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 87 रनों की अविजित साझेदारी की। केएल राहुल 47 गेंदों पर एक चौका और दो छक्के की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन ने दो विकेट लिए, जबकि तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले, बांग्लादेश ने तौहीद हृदोय के शतक और जाकिर अली के अर्धशतक की मदद से भारत के सामने जीत के लिए 229 रनों का लक्ष्य रखा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की स्थिति एक समय खराब थी और उसने 35 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन जाकिर और हृदोय ने शानदार साझेदारी कर बांग्लादेश की पारी को संभाला। इन दोनों की पारी की मदद से ही बांग्लादेश 49.4 ओवर में 228 रन बनाने में सफल रहा। हृदोय 118 गेंदों पर छह चौकों और दो छक्के की मदद से 100 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

भारत के लिए मोहम्मद शमी की अगुआई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। शमी ने मैच में पांच विकेट लिए, जबकि हर्षित राणा को तीन और स्पिनर अक्षर पटेल को दो विकेट मिले। शमी ने इस दौरान वनडे में अपने 200 विकेट भी पूरे किए। बांग्लादेश के लिए तौहीद के अलावा जाकिर ने 114 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 68 रन बनाए। तौहीद और हृदोय के अलावा बांग्लादेश का कोई अन्य बल्लेबाज नहीं चल सका। उसके चार बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके, जबकि तीन खिलाड़ी दहाई अंक तक नहीं पहुंचे। तंजिद हसन ने 25 रन और रिशाद हुसैन ने 18 रनों का योगदान दिया।

रेखा मंत्रिमंडल ने ली शपथ

# दिल्ली में 27 साल बाद 'कमल' सरकार



## कैबिनेट में आयुष्मान योजना को मंजूरी, विधानसभा में पेश होगी सीएजी रिपोर्ट

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

दिल्ली में बीजेपी का 27 वर्ष का सियासी सूखा गुरुवार को समाप्त हो गया। बुधवार को विधायक दल की नेता चुनी गई रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 6 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इन मंत्रियों में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह शामिल हैं।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शपथ दिलवाई इसके बाद प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह और अंत में रविंदर इंद्राज सिंह ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन अलग-अलग मंच तैयार किए गए थे। रामलीला मैदान खचाखच भरा था। मुख्य मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मनोनीत मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सहयोगी सदस्य, और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी उपस्थित रहे। दूसरे मंच पर धर्मगुरुओं और विशिष्ट अतिथि मौजूद थे, जबकि तीसरे मंच पर संगीत कार्यक्रम से जुड़े कलाकार मौजूद थे।

### कैबिनेट के फैसले

नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शपथ ग्रहण करने के बाद ऐक्शन मोड में आ गई हैं। उन्होंने अपने मंत्रियों के साथ सचिवालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। शाम को कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट की पहली बैठक में आयुष्मान भारत योजना को मंजूरी दे दी गई है। दिल्ली विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश करने की भी मंजूरी दी गई। पूरी कैबिनेट ने यमुना के वासुदेव घाट पहुंचकर आरती की।

### हर वादा पूरा करेंगे : सीएम

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'हमने जो जनता से वादा किया था वो सभी वादे पूरे किए जाएंगे। हमने पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान योजना को मंजूरी देकर उसे आगे की प्रक्रिया के लिए कर दिया है..' दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी के भाजपा के दिल्ली में महिलाओं को 2500 रुपए देने के वादे को लेकर दिए गए बयान पर उन्होंने कहा,' यह हमारी सरकार है तो एजेंडा हमारा होगा। तो हमें काम करने दीजिए। आपको हमें हर चीज बताने की ज़रूरत नहीं है जब आपका कार्यकाल था तो आपने किया। उन्होंने कहा, मेरा हर पल लोगों की सेवा के लिए होगा। मुझे जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे पूरा करने के लिए दिन-रात काम करूंगी। मंत्रिमंडल के अपने सहयोगियों के साथ मिलकर विकसित दिल्ली के संकल्प को साकार करने का पूरा प्रयास करूंगी।

### मंत्रियों को विभागों का बंटवारा



दिल्ली में मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा हो गया है। सीएम रेखा गुप्ता ने सामान्य प्रशासन, सेवाएं, वित्त, राजस्व, महिला एवं बाल कल्याण, भूमि एवं भवन, जनसंपर्क, सतर्कता एवं प्रशासनिक सुधार विभाग अपने पास रखे हैं। प्रवेश वर्मा के पास लोक निर्माण विभाग, विधायी मामले,गुरुद्वारा चुनाव, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण, जल, जैसे अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी होगी। आशीष सूद को गृह, बिजली, शहरी विकास, शिक्षा, उच्चतर शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। मनजिंदर सिंह सिरसा को उद्योग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, वन एवं पर्यावरण की जिम्मेदारी दी गई है। रविंद्र सिंह इंद्राज समाज कल्याण, एससी और एसटी कल्याण, सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। कपिल मिश्रा कानून एवं न्याय, श्रम एवं रोजगार, डेवलपमेंट, कला एवं संस्कृति, भाषा और पर्यटन विभाग की जिम्मेदारी मिली। डॉ. पंकज कुमार सिंह- स्वास्थ्य, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी मिली है।

न्यूज ब्रीफ

### डिप्टी सीएमएकनाथ शिंदे कोबम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी मिली है। गोरेगांव पुलिस को एक अज्ञात शख्स द्वारा भेजे गए ईमेल में डिप्टी सीएम शिंदे की गाड़ी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके अलावा, इसी तरह का धमकी भरा मेल मंत्रालय और मुंबई के जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन को भी प्राप्त हुआ है। इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है।

### मोदी के रहते 370 की वापसी असंभव : उमर अब्दुल्ला

**नई दिल्ली।** उमर अब्दुल्ला के जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद केंद्र सरकार के साथ उनके संबंधों में निकटता देखने को मिली है। हालांकि उनका कहना है कि यदि मोदी सरकार ने वादे पूरे नहीं किए तो केंद्र के साथ अपने संबंधों को लेकर पुनर्मूल्यांकन कर सकते हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नरेन्द्र मोदीके रहते हुए जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल-370 की वापसी नहीं हो सकती है।

### सेना पर टिप्पणी के लिए राहुल को कोर्ट का नोटिस

**लखनऊ** । कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भारतीय सेना पर अपमानजनक टिप्पणी कर मानहानि के मामले में 24 मार्च को एमपी-एमएलए कोर्ट लखनऊ ने तलब किया है। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व डायरेक्टर उदय शंकर श्रीवास्तव द्वारा कोर्ट में दर्ज कराए परिवाद के अनुसार 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने पत्रकारों से कहा, '9 दिसंबर 2022 को चीनी सैनिकों द्वारा भारतीय सैनिकों की पिटाई के बारे में कोई कुछ नहीं पूछता। राहुल की नागरिकता को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

## धरती पर उगाया सूर्य! बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**एजेंसी ● पेरिस**

फ्रांस में स्थित एक न्यूक्लियर फ्यूजन मशीन ने 22 मिनट से ज्यादा समय तक प्लाज्मा बनाए रखा है, जो कि इससे पहले चीन द्वारा बनाए गए विश्व रिकॉर्ड से लगभग 5 मिनट ज्यादा है। इस मशीन को 'आर्टिफिशियल सन' कहा जाता है, क्योंकि यह सूर्य के केंद्र में होने वाली प्रक्रिया की नकल करती है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर पृथ्वी पर स्थिर न्यूक्लियर फ्यूजन संभव हो जाता है, तो यह एक शक्तिशाली और अक्षय ऊर्जा स्त्रोत बन सकता है। यह उपलब्धि फ्यूजन एनर्जी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस रिकॉर्ड को बनाने वाली मशीन का नाम WEST है, जो फ्रांस की सरकारी रिसर्च एजेंसी CEA चला रही है। WEST एक टोकामक संरचना पर आधारित है, जो डोनट के आकार की होती है।

इसमें प्लाज्मा को शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र में कैद किया जाता है, और यहीं फ्यूजन प्रक्रिया होती है। हालांकि, बड़े पैमाने पर ऊर्जा उत्पादन के लिए अभी और काम करना होगा, और इसमें कई दशक लग सकते हैं।




### महाराष्ट्र के कृषि मंत्री कोकाटे को दो साल की सजा, जुर्माना

**मुंबई** । महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को नासिक जिला अदालत ने बड़ा झटका देते हुए 2 साल की सजा सुनाने के साथ ही 50,000 रुपए जुर्माना लगाया गया है। यह मामला 1995 से जुड़ा हुआ है, जब माणिकराव और उनके भाई सुनील कोकाटे पर आवासीय योजनाओं के तहत धोखाधड़ी और दस्तावेजों में हेराफेरी का आरोप लगाया गया था। विधायकी बचाने के लिए उन्हें हाईकोर्ट में अपील करना होगी।

## बांग्लादेशी विमान ने की नागपुर में आपात लैंडिंग

**एजेंसी ● नागपुर**



ढाका से दुबई जा रहे 'बिमान बांग्लादेश एयरलाइन' के विमान में धुआं देखे जाने के बाद उसे नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि गहन जांच में पाया गया कि विमान में आग लगने की घटना नहीं घटी थी। उड़ान संख्या बीजी 347 में 396 यात्री और चालक दल के 12 सदस्य सवार थे। नागपुर हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मीडिया को बताया कि तकनीकी समस्याओं के कारण बुधवार मध्यरात्रि को विमान का मार्ग बदल दिया गया और उसे आपात स्थिति में उतारना पड़ा। अधिकारी ने बताया कि पूर्ण आपातकाल घोषित होने के बाद विमान को बुधवार रात 10:45 बजे यहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। उन्होंने कहा, '' विमान का 'फायर अलार्म' बजने से पायलट सतर्क हो गया, जिसके बाद उसने एयरपोर्ट ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर (एओसीसी) को सूचित किया। सिस्टम ऑपरेशन कमांड सेंटर (एसओसीसी) को भी सतर्क कर दिया गया। उड़ान को नागपुर की ओर मोड़ने का निर्णय लिया गया और पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया।'' अधिकारी ने कहा कि यात्रियों के साथ-साथ चालक दल को भी सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया। उसके बाद विमान में रखे सामान को उतारा गया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मचारियों द्वारा विमान का निरीक्षण किया गया और किसी आग का पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि यात्रियों को 'बिमान बांग्लादेश' के दूसरे विमान से दुबई ले जाया जाएगा।

## एक साथ 139 कलाकारों ने 25 घंटे किया शास्त्रीय नृत्य



### एमपी ने शास्त्रीय नृत्य में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एजेंसी ● छतरपुर**

मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में विश्व प्रसिद्ध खजुराहो नृत्य महोत्सव के 51वें संस्करण की शुरूआत गुरुवार के दिन ऐतिहासिक नगरी खजुराहो में हुआ। इस बार हुए आयोजन ने उस समय इतिहास रच दिया जब 139 कलाकारों ने करीब 25 घंटे तक लगातार नृत्य प्रस्तुत किया। लगातार 24 घंटे 9 मिनट और 26 सेकंड तक शास्त्रीय नृत्य कर नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। इस महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दिया। इसे सीएम मोहन यादव ने स्वीकार किया।

दरअसल, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का प्रयास 19 फरवरी 2025 के दिन दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर शुरू हुआ। करीब 139 कलाकारों ने लगातार प्रस्तुति देकर 20 फरवरी के दिन अंजाम तक पहुंचा। इसका रिजल्ट यह हुआ कि मध्य प्रदेश के नाम एक और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड रच दिया। संस्कृति विभाग की तरफ से आयोजित की गई गतिविधि में 139 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। देश भर से अपनी नृत्य कला का प्रदर्शन करने के लिए खजुराहों पहुंचे थे। इन कलाकारों ने लागातार 24 घंटे 9 मिनट तक कथक, , भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, ओडिसी नृत्यों की प्रस्तुति दी। वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन (रिले) की अंतिम प्रस्तुति भरतनाट्यम की थी। गिनीज टीम द्वारा इसे वर्ल्ड रिकॉर्ड घोषित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा।

#### सीएम मोहन यादव ने दी बधाई

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर सीएम मोहन यादव ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर की साधना को समर्पित वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने नृत्य साधकों का मान बढ़ेगा। यह देश की संस्कृति और नृत्यसाधकों के लिए गौरव का क्षण है।

### श्रीनगर में कारोबारी के घर से लाखों के आभूषण चुराने वाले पकड़ाए

# 450 स्थानों पर खंगाले कैमरे, तब पता चला फ्लाइट से दिल्ली भागे हैं

- ताला-चाबी बनाने के बहाने सूने घरों की रैकी करते थे
- 6 प्रदेशों में चोरी करना स्वीकारा
- सरगना अभी भी फरार, इंदौर पुलिस तलाश रही

संवाददाता ● इंदौर

एमआईजी पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को पकड़ा है। आरोपियों ने श्रीनगर में कारोबारी के घर से लाखों के आभूषण चुराना स्वीकर किया है। वारदात के बाद आरोपी फ्लाइट से दिल्ली भागे थे। गिरोह का सरगना फरार है। आरोपी पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में चोरी करना स्वीकार चुके हैं। डीसीपी (जोन-2) अभिनय विश्वकर्मा के मुताबिक 20 दिन पूर्व श्रीनगर (एक्सटेंशन) में कारोबारी के सूने घर में चोरी हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाले तो हुडी और मास्क लगाकर भागते बदमाशों के सीसीटीवी फुटेज मिले। पुलिस ने करीब 450 स्थानों के कैमरे खंगाले और आरोपियों की शिनाख्त की। घटना के बाद आरोपियों ने मास्क हटा लिया था। फुटेज से कड़ियां जोड़ने पर पता चला कि आरोपी फ्लाइट से दिल्ली भागे हैं। एसीपी नरेंद्र रावत ने लसूड़िया, एमआईजी, विजय नगर और खजराना थाने के पुलिसकर्मियों की टीम गठित की और जवानों को दिल्ली भेजा। साइबर सेल की मदद से मोबाइल लोकेशन निकाली तो पता चला दिल्ली से मौरबी (गुजरात) पहुंच चुके हैं। पुलिस आरोपियों का पीछा करती रही। मंगलवार को समित पिता सुनारसिंह टकराना निवासी उमरती बरला बड़वानी, कद्दा उर्फ बलवीर पिता नरेंद्र कल्याणे निवासी आकाश नगर (द्वारकापुरी) और कालू उर्फ रामराज पिता इंदेश्वरी मौर्या निवासी आकाश नगर को पकड़ लिया।

00000

#### ताला-चाबी बनाने के बहाने सूने घर में रैकी

आरोपी सुमित फिलहाल आकाश नगर में रहता है। आरोपी कालू मूलतः आलापुरा नवापुरा कुंडा उप्र का रहने वाला है। उसने बताया कि गिरोह का सरगना गुरदीपसिंह पिता विजयसिंह निवासी आकाश नगर है। आरोपी ताला-चाबी बनाने के बहाने सूने घरों की रैकी करते थे। मौका देखकर चोरी करने घुस जाते थे।



**अन्य चोरी भी कबूली**

आरोपियों ने चाणक्य अपार्टमेंट में संदीप सोलंकी और नेहरु नगर में ज्योति गोयल के घर से लाखों रुपये के आभूषण चुराना कबूल लिया है। एसआई राहुल डाबर के मुताबिक चोर ब्रांडेड कपड़े, जुआ-सट्टा, शराब-ड्रग्स पार्टी और फ्लाइट से घूमने के शौकीन हैं। वारदात के बाद आभूषणों का बंटवारा कर लेते थे। पुलिस ने सोने की चेन, हार और 35 हजार नकद जब्त किए हैं।

## शॉट न्यूज

### शिव महापुराण का आयोजन 21 से 27 फरवरी तक

**इंदौर।** इंदौर के वीआईपी रोड स्थित किला मैदान में श्री मंशापूर्ण काल भैरव सेवा समिति की ओर से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 से 27 फरवरी तक चलेगा। कथा का वाचन आचार्य नीरजानंद महाराज करेंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी निलेश गोयल ने बताया कि प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक विशेष अनुष्ठान होगा। इसमें 108 पार्थिव शिवलिंगों का अभिषेक किया जाएगा। यह अनुष्ठान श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि और आरोग्य के लिए किया जाएगा। समापन दिवस 27 फरवरी को सुबह 10 बजे वीरगढ़ी हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकलेगी। यह यात्रा मंशापूर्ण काल भैरव सेवा समिति मंदिर पर समाप्त होगी। इस यात्रा में प्रेमानंद महाराज और ज्योतिषाचार्य दिनेश शर्मा सहित कई संत शामिल होंगे।

### जैन मुनि सुदृढ़ सागर जी का तृतीय दीक्षा दिवस

**इंदौर।** इंदौर के प्रतिष्ठित बाकलीवाल परिवार के मानस बाकलीवाल, जो अब छुल्लक श्री 105 सुदृढ़ सागर जी महाराज के नाम से जाने जाते हैं, गुरुवार को उनका तृतीय दीक्षा दिवस मनाया गया। सुदृढ़ सागर जी, मुकेश और रश्मि बाकलीवाल के एकमात्र पुत्र हैं। वे नवाचार्य आचार्य समय सागर जी के संघ में शामिल हैं। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू के अनुसार, बाकलीवाल परिवार गुरु भक्ति और मानव सेवा के लिए जाना जाता है। परिवार अपनी संपत्ति का उपयोग समाज सेवा में करता है। आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद और मुनि श्री 108 समय सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में छुल्लक सुदृढ़ सागर जी की मोक्ष मार्ग की साधना निरंतर जारी है।

### पांच दिवसीय शिव विवाह महोत्सव 23 से

**इंदौर।** नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड शिव मंदिर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ रविवार को सुबह 10 बजे भगवान भोलेनाथ को हल्दी लगाने की रस्म के साथ होगा। मंदिर पर इस वर्ष भी पश्चिम बंगाल से आए एक दर्जन कलाकार शिव- पार्वती की भव्य और दिव्य झांकी का निर्माण कर रहे हैं, जिसके मनोहारी श्रृंगार दर्शन आम भक्तों को 26 फरवरी को सांय 6 बजे से हो सकेंगे। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, सुभाष गोयल एवं बीके गोयल ने बताया महोत्सव में दूसरे दिन 24 फरवरी को सुबह 10 बजे दूल्हे बने भगवान शिव को सैकड़ों श्रद्धालु मेहंदी लगाएंगे। 25 फरवरी को दूल्हे राजा को उबटन-लेपन की रस्म सुबह 10 बजे से प्रारंभ हो जाएगी। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर दोपहर 1 बजे से भगवान का केसर जल से स्नान कराया जाएगा और सांय 6 बजे से पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों द्वारा निर्मित की जा रही।

## शेगांव के संत गजानन महाराज का प्रकटोत्सव मनाया

### सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान में 101 भक्तों ने किया गजानन विजय ग्रंथ का पारायण



संवाददाता ● इंदौर

शेगांव निवासी संत श्रेष्ठ सदगुरु गजानन महाराज का प्रकटोत्सव गुरुवार को पलसीकर कॉलोनी स्थित सदगुरु अण्णा महाराज संस्थान में मनाया गया। संस्थान में सुबह 7 बजे पूजा और अभिषेक किया गया। इसके बाद 101 से अधिक भक्तों ने गजानन विजय ग्रंथ का सामूहिक पारायण किया। दोपहर 12 बजे पारायण का समापन हुआ। महाआरती में सदगुरु अण्णा महाराज और विधायक मालिनी गौड़ विशेष रूप से मौजूद रहे। गजानन महाराज को 1008 मोदक और उनका प्रिय झुनका भाकर नैवेद्य के रूप में अर्पित किया गया। सभी भक्तों को यह महाप्रसाद के रूप में वितरित किया गया। कार्यक्रम में सद्गुरु अण्णा महाराज ने आशीर्वचन देते हुए बताया कि गजानन महाराज ने लगभग 125 वर्ष पूर्व समाज को अन्न के एक- एक कण के महत्व को बताते हुए लोगों से अन्न व्यर्थ न करने का संदेश दिया था। आज के समय में गजानन महाराज का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गया है क्योंकि हम देख रहे हैं विवाह समारोह, सामाजिक समारोह में बहुत बड़ी मात्रा में अन्न सामग्री व्यर्थ जा रही है। गजानन महाराज के संदेश से समाज में जागरूकता पैदा कर भविष्य में होने वाले भयावह अन्न संकट से बचा जा सकता है। उक्त विचार अण्णा महाराज ने गुरुवार को शेगांव निवासी संत श्रेष्ठ सदगुरु गजानन महाराज के प्रकटोत्सव के अवसर पर व्यक्त किए।

### मुकेश की जन्म शताब्दी पर विशेष कार्यक्रम

## गीतों की प्रस्तुति होगी, आलोक बाजपेयी करेंगे गायन

**इंदौर।** महान गायक मुकेश की जन्म शताब्दी के अवसर पर इंदौर में एक विशेष संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 फरवरी को शाम साढ़े छह बजे से गांधी हॉल स्थित अभिनव कला समाज सभागार में होगा। प्रसिद्ध गायक और बांसुरी वादक आलोक बाजपेयी कार्यक्रम में मुकेश के 100 से अधिक गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का नाम 'शताब्दियों के लिए... मुकेश' रखा गया है। मुकेश की सहज और सरल



गायकी आज भी भारतीय जनमानस में गहराई से बसी हुई है। कार्यक्रम में वरिष्ठ की-बोर्ड वादक दीपेश जैन संगीत का संचालन करेंगे। गायिका निहाली ठाकुर युगल गीतों में आलोक बाजपेयी का साथ देंगी। निहाली की आवाज में भारत रत्न लता मंगेशकर के शुरुआती दौर की झलक मिलती है। मुकेश के चुने हुए गीतों में उनके विभिन्न मूड के गाने शामिल किए गए हैं। उनकी आवाज में दर्द और सहज अदायगी के कारण उनके गीत आज भी श्रोताओं को राहत प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य स्वर आलोक बाजपेयी ने बताया कि यदि गीतों के हिट और कालजयी होने का प्रतिशत देखें तो मुकेश के पूरे विश्व के शीर्षस्थ गायकों में अग्रणी है। उन्होंने अपने छोटे से जीवन में आज के गायकों की तुलना में बहुत कम गीत गाए, लेकिन जो गीत गाए वो संगीत प्रेमियों के सीधे दिल में बसे हुए हैं। वर्तमान दौर के किसी गायक के सौ गीतों के चयन में गायक और वादन टीम को शायद बहुत से नए गीत तैयार करने पड़े लेकिन मुकेश के सौ से अधिक गीत चुनने में उलटे किसे रखें किसे भारी दिल से छोड़ें, यह मेहनत करनी पड़ी।

## विशुद्ध सागर जी ने फेडरेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन की सफलता के लिए दिया आशीर्वाद



संवाददाता ● इंदौर

मुंबई के खार में आचार्य विशुद्धसागर महाराज से उज्जैन जैन समाज के प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रीष्मकालीन वाचना और फेडरेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन की सफलता के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। फेडरेशन मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया इस अवसर पर अनिल गंगवाल, शांति कुमार कासलीवाल, प्रदीप झांझरी और शैलेन्द्र जैसवाल उपस्थित थे। राष्ट्रीय अधिवेशन सचिव अभिषेक विनायका ने उज्जैन समाज का प्रतिनिधित्व किया। अभिषेक ने आचार्यश्री को इंदौर के सुमतिधाम कार्यक्रम के बाद उज्जैन आने का निवेदन किया। साथ ही उन्होंने अतिशय क्षेत्र जयसिंहपुरा जिनालय के नव निर्माण की योजना से अवगत कराया। जिनालय के शिलान्यास समारोह के लिए भी आशीर्वाद मांगा गया। आचार्यश्री ने उज्जैन जैन समाज की गुरुभक्ति की सराहना की। उन्होंने फेडरेशन के कार्यक्रम की सफलता का आशीर्वाद देते हुए अतिशय क्षेत्र के जीर्णोद्धार के लिए भी मंगल आशीष प्रदान किया।

## धरावरा धाम पर कल से सात दिवसीय अभा मानस सम्मेलन

**इंदौर।** धार रोड स्थित धरावरा धाम के संस्थापक ब्रह्मलीन महंत घनश्यामदास महाराज की 16वीं पावन स्मृति में अभा मानस सम्मेलन का शुभारंभ शनिवार को पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी के श्रीमुख से शिवपुराण कथा के साथ होगा। महंत शुकदेवदास महाराज के सान्निध्य में कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचंद गेहलोत के मुख्य आतिथ्य, सांसद शंकर लालवानी, समाजसेवी गोपाल गोयल एवं भाजपा नेता गोपाल चौधरी के विशेष आतिथ्य में दोपहर 2 बजे महोत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुरेश चोपड़ा एवं ललित अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर महामहिम राज्यपाल व्यासपीठ एवं शिव पुराण की पूजा-अर्चना कर अंचल के 25 गांवों से आए श्रद्धालुओं को रामायण ग्रंथ भेंट कर एक हजार परिवारों को रामायण से जोड़ने के प्रकल्प का सांकेतिक शुभारंभ भी करेंगे। समिति के अध्यक्ष सीताराम नरेड़ी, मुख्य यजमान कल्याण भांगड़िया एवं धरावरा धाम के सुधीर अग्रवाल के अनुसार शिव पुराण कथा के लिए धरावरा धाम पर शामियाने का निर्माण किया जा चुका है, जहां भक्तों की सुविधा के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक होगी। मानस सम्मेलन के दौरान देश-प्रदेश के अनेक प्रमुख मानस मर्मज्ञ, संत-विद्वान धरावरा धाम आएंगे।

## पारसी मोहल्ला महादेव घाट के रामेश्वर महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शोभायात्रा के साथ शुरू

संवाददाता ● इंदौर

पारसी मोहल्ला, छावनी स्थित महादेव घाट पर नवनिर्मित रामेश्वर महादेव मंदिर पर शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा का महोत्सव रविवार को अग्रसेन चौराहा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर से महादेव घाट तक भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। प्राण प्रतिष्ठा आज अभिजीत मुहूर्त में हुई। मंदिर समिति की ओर से समाजसेवी विष्णु बिंदल एवं बीके गोयल ने बताया कि शाम

**महोत्सव**



शोभायात्रा संपन्न होने के बाद सोमवार, 4 नवंबर को पार्वतीजी, गणेशजी और कार्तिकेयजी की नूतन मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का पूजन आचार्य पं. हरिशंकर व्यास के निर्देशन में सुबह 8 बजे से प्रारंभ हुआ। प्राण प्रतिष्ठा की विधि दोपहर में अभिजीत मुहूर्त में हुई। दिनभर मूर्तियों की विभिन्न शास्त्रोक्त क्रियाओं के बाद रात 8 बजे रामेश्वर महादेव मंदिर परिसर पारसी मोहल्ला पर भंडारा होगा। विधायक गोलू शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शोभायात्रा में मुख्य रूप से अनिल ऐरन, संदीप गोयल, रमेश अग्रवाल, मुकेश कचोलिया, किशोर असावा, अखिलेश गोयल, मनोज खंडेलवाल, सरोज असावा, अनुराधा अग्रवाल सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति शामिल हुई। शोभायात्रा शिव मंदिर छावनी चौराहा से पारसी मोहल्ला होते हुए महादेव घाट पहुंची। नाचते- गाते भक्तों ने पूरे समय शोभायात्रा में उत्साह के साथ देवताओं के जयघोष से आसमान को गुंजाजायमन बनाए रखा।

### ठगों के झांसे में आए प्रोफेसर

# मैनेजर व पुलिस ने समझाया, फिर भी लुटाए 2 करोड़

**एडीसीपी ने घर जाकर प्रोफेसर को समझाया कि साइबर ठग उनसे ठगी कर रहे हैं, वह इसकी शिकायत दर्ज कराएं, लेकिन प्रोफेसर ठगी की बात मानने को ही तैयार नहीं हुए।**

संवाददाता ● इंदौर

शेयर बाजार में निवेश से बड़े मुनाफे के झांसे में आए 84 वर्षीय प्रोफेसर को साइबर ठगों ने 1 करोड़ 70 लाख 45 हजार रुपये का चूना लगा दिया। इतनी रकम ठगों ने नौ खातों में 10 बार में उनसे जमा कराई। वह मंगलवार को जब 36 लाख रुपये निकालने के लिए बैंक गए तो संदेह होने पर बैंक मैनेजर ने प्रोफेसर को आगाह किया, लेकिन वह नहीं माने। इस पर बैंक मैनेजर ने क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी को फोन पर इसकी सूचना दे दी। एडीसीपी ने घर जाकर प्रोफेसर को समझाया कि साइबर ठग उनसे ठगी कर रहे हैं, वह इसकी शिकायत दर्ज कराएं, लेकिन प्रोफेसर ठगी की बात मानने को ही तैयार नहीं हुए। ठगी का शिकार हुए

**ठगी**




बुजुर्ग प्रोफेसर इंदौर शहर में स्कीम नंबर 94 के निवासी हैं। वह महाराष्ट्र के भंडारा स्थित आर्डिनेंस फैक्ट्री के स्कूल में प्रिंसिपल की जिम्मेदारी से रिटायर्ड होने के बाद इंदौर के कोठारी कॉलेज में प्रोफेसर रहे। बुधवार को ठगी की शिकायत उन्होंने पुलिस हेल्प लाइन पर दर्ज कराई।

**ठगों के बैंक खाते फ्रीज** - एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार प्रारंभिक जांच में पाया गया कि जिन बैंक खातों में रकम निकाली कराई गई है, वे अलग-अलग राज्यों के हैं। इन बैंक खातों को तत्काल फ्रीज करवा दिया गया है। ठगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

**ऐसे की गई ठगी :** प्रोफेसर के मोबाइल पर कुछ दिन पहले किसी अंजान व्यक्ति की कॉल आई। उसने अपना नाम आर्यन आनंद बताया और स्वयं को ट्रेडिंग कंपनी का एडवाइजर बताकर शेयर मार्केट में निवेश से बड़े मुनाफे का लालच दिया। उसने प्रोफेसर को ट्रेडिंग सलाह वाले किसी वाट्सअप ग्रुप में जोड़ा। इस ग्रुप के सदस्य निवेश की स्लिप और मुनाफे के स्क्रीन शाट साझा करते थे। प्रोफेसर भी निवेश के लिए तैयार हो गए। इसके लिए ठगों ने उन्हें stock.mscl-vip.top की लिंक भेजी और एक एप इंस्टाल करवाया। विश्वास में लेने के लिए शुरुआती एक-दो निवेश पर प्रोफेसर को आंशिक लाभ भी दिलाया। झांसे में आए प्रोफेसर ठग के बताए अनुसार बैंक खातों में रकम भेजते रहे। ठग उनको यही आश्वस्त करते रहे कि उनके द्वारा निवेश की राशि का मुनाफा मिलेगा, लेकिन अंत में अपने मोबाइल नंबर भी बंद कर लिए।

#### डॉक्टर और कारोबारी बने ठगी के शिकार

शेयर बाजार में निवेश पर कई गुना मुनाफे का झांसा देकर इंदौर में प्रोफेसर से ठगी का यह पहला मामला नहीं है। शहर के एक डॉक्टर से पिछले महीने साइबर अपराधी 3 करोड़ 8 लाख रुपये की ठगी कर चुके हैं। डॉक्टर को आनलाइन ट्रेडिंग एप वेबुल के माध्यम से ठगा गया था। पांच माह पहले शहर के एक होटल कारोबारी से भी इसी तरह 4 करोड़ 85 लाख रुपये की ठगी की गई।

### मेडिकल कॉलेज, टीचर, डॉक्टर्स और प्रोफेसर्स का विरोध प्रदर्शन

# 24 फरवरी तक लोकतांत्रिक तरीके से, फिर उग्र आंदोलन

**संवाददाता ● इंदौर**

कोर्ट से लेकर केबिनेट के फैसलों को नजरअंदाज करने की वजह से मेडिकल कॉलेज, टीचर डॉक्टर्स और प्रोफेसर्स ने गुरुवार से काली पट्टी बांधकर शासन के खिलाफ विरोध जताना शुरू कर दिया है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन का कहना है कि हम 24 फरवरी तक लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताते रहेंगे, मगर इसके बावजूद शासन ने कोर्ट के आदेश और केबिनेट द्वारा मंजूर फैसलों पर अमल नहीं किया तो अपने अधिकारों के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए मजबूरी में उग्र आंदोलन चलाना पड़ेगा। गुरुवार से मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन एमजीएम के नेतृत्व में जिला अस्पताल, ईएसआई अस्पताल, मेडिकल कॉलेज में काली पट्टी लगाकर विरोध जताना शुरू कर दिया है। शुक्रवार लंच टाइम में आधे घंटे 1 से 2 बजे की बीच अपने कार्यस्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 22 फरवरी को प्रदेश के समस्त चिकित्सक सामूहिक उपवास रखेंगे, वहीं लंच टाइम में मास्क पहनकर कार्य स्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 24 फरवरी इंदौर सहित प्रदेश के सारे चिकित्सक सामूहिक उपवास करते हुए चिन्हित अस्पतालों में जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ के विरोध में अमानक दवाइयों की सांकेतिक होली जलाएंगे, वहीं 25 फरवरी से इंदौर से लेकर सारे राज्य में प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा।

**प्रदर्शन**



**दो सप्ताह में मुद्दे सुलझाने का आदेश दिया था**

उच्च न्यायालय द्वारा 4 दिसंबर 2024 के अपने आदेश में 2 सप्ताह में हाई पॉवर कमिटी का गठन एवं उससे अगले 2 सप्ताह में डॉक्टरों के मुद्दे सुलझाने का आदेश दिया गया था, जो आज तक लागू नहीं किया गया। मध्य प्रदेश कैबिनेट से पारित समयमान चयन वेतनमान का अभी तक कई चिकित्सकों एवं चिकित्सा शिक्षकों को लाभ नहीं मिल रहा है। 4 अक्टूबर 2023 में पारित आदेश के अनुसार सातवें वेतनमान का वास्तविक लाभ जनवरी 2016 से दिया जाना था, साथ ही एनपीए की गणना सातवें वेतनमान के अनुरूप होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक इस पर कोई अमल नहीं हुआ है।

## दवाइयां अमानक कोई कार्रवाई नहीं

एमपीपीएचसीएल द्वारा सप्लाई की गई कई दवाइयां अमानक पाई गईं, जिनमें कुछ दवाइयां आईसीयू और ऑपरेशन थिएटर में उपयोग होने वाली जीवनरक्षक दवाइयां भी शामिल हैं। यह मामला उजागर होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई दुखद घटना के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है। तकनीकी विशेषज्ञों के स्थान पर प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति के कारण प्रदेश की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था अधर में लटक चुकी है। इस लापरवाही और अनदेखी के खिलाफ डॉक्टर और मेडिकल प्रोफेसर अब आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं और अगर सरकार जल्द से जल्द समाधान नहीं निकालती है तो उग्र आंदोलन अपरिहार्य होगा।

## शॉर्ट न्यूज

### आयुक्त ने गंगवाल बस स्टैंड परिसर का किया निरीक्षण

इंदौर। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने गुरुवार को प्रातःकाल शहर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के अंतर्गत गंगवाल बस स्टैंड परिसर का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में कई कमियां पाई गईं, जिन पर आयुक्त द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान जब गंगवाल बस स्टैंड परिसर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई, तो पाया गया कि वहां पर्याप्त सफाई नहीं थी। इस पर संबंधित सुपरवाइजर की जानकारी ली गई, जिससे ज्ञात हुआ कि वह प्रतिदिन दोपहर 12 बजे देवास से इंदौर आता है। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त वर्मा ने उक्त सुपरवाइजर का 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### महिलाकर्मी से छेड़छाड़, रास्ते में रोका, हाथ पकड़ साथ ले जाने की कोशिश

इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने अरविंदो अस्पताल की महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ के मामले में मनचले पर केस दर्ज किया है। काम पर जाने के दौरान आरोपी रोज पीड़िता को बाइक से छोड़ने को लेकर सड़क पर परेशान करता था। पीड़िता ने पहले आरोपी पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन मंगलवार रात आरोपी ने रास्ता रोककर हाथ पकड़ लिया। इस बात की जानकारी पीड़िता ने परिवार को दी। इसके बाद आरोपी की दूसरे दिन पहचान कर उस पर केस दर्ज कराया गया। बाणगंगा पुलिस ने बताया कि अरविंदो अस्पताल की एक महिला कर्मचारी की शिकायत पर पुलिस ने कमल मीणा पर छेड़छाड़ और अभद्रता का केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि ड्यूटी पर जाने के लिए वह रोज मौनी बाबा आश्रम के पास से निकलती है।

### शादीशुदा महिला के साथ पड़ोसी ने अश्लील हरकत की

इंदौर। लसूडिया में रहने वाली शादीशुदा महिला के साथ पड़ोसी ने अश्लील हरकत की। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। 33 साल की महिला की शिकायत के अनुसार आरोपी का नाम दिनेश पिता सूरज राजपूत, निवासी पंचवटी कॉलोनी है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने बच्चे के साथ घर पर थी। पति काम पर गए थे। तभी दिनेश दरवाजे पर आया। वह दरवाजा बंद करने पहुंची तो दिनेश अंदर की तरफ धक्का देकर घर में घुसने की कोशिश करने लगा। चिल्लाने पर आरोपी वहां से बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। बाद में पति को जानकारी दी। वहीं भंवरकुआं पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर अंकित नाम के युवक पर केस दर्ज किया है। महिला ने बताया कि अंकित पहले उसका दोस्त था, लेकिन शादी होने के बाद उससे बात बंद कर दी थी।

### बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे पर डेमो बस स्टॉप तैयार

# सिटी बस स्टॉप पर वाई-फाई व मोबाइल चार्जर मिलेगा

**संवाददाता ● इंदौर**

आयद दुरस्त आयद की तर्ज पर अब शहर में सिटी बस के सभी बस स्टॉप का स्वरूप भी जल्द बदलेगा। अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड (एआईसीटीएसएल) द्वारा मुरैना की कंपनी को शहर में 200 बस स्टॉप बनाने का जिम्मा दिया गया है। कंपनी इसके लिए एआईसीटीएसएल को प्रति माह राजस्व भी चुकाएगी।

कंपनी ने फिलहाल बॉम्बे हॉस्पिटल चौराहे पर डेमो के रूप में एक बस स्टॉप तैयार किया है। इस बस स्टॉप पर यात्रियों को वाई-फाई सुविधा के अलावा मोबाइल-लैपटाप चार्जर भी मिलेगा। अभी जो बस स्टॉप बनाया है उसकी छत को पारदर्शी रखा गया है। ऐसे में बस स्टॉप पर बैठने वाले यात्रियों को धूप से परेशान नहीं होना होगा। एआईसीटीएसएल के प्रोजेक्ट प्रभारी अभिनव चौहान के अनुसार अभी डेमो के रूप में बस स्टॉप तैयार किया है। यात्रियों की जरूरत के मुताबिक, बस स्टॉप की डिजाइन में बदलाव भी किए जाएंगे।

**सुविधा**




**बस स्टॉप पर मिलेगी ये सुविधाएं**

- वाई-फाई
- सीसीटीवी सर्विलांस
- मोबाइल चार्जर यूएसबी पोर्ट
- पब्लिक इंफार्मेशन सिस्टम
- रूट मैप
- आठ से 10 यात्रियों के बैठने के लिए कुर्सी
- दिव्यांगों के लिए रैंप

**600 बस स्टॉप बनाने की है योजना**

शहर में सिटी बसों के लिए 600 बस स्टॉप बनाने के लिए पिछले २ साल से कवायद की जा रही है। अब इनमें 200 बस स्टॉप एआईसीटीएसएल बनाएगा तथा 400 बस स्टॉप आईडीए बनाएगा। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत कंपनी बस स्टॉप का निर्माण कर रही। बस स्टॉप पर स्क्रीन लगा उस पर विज्ञापन से कंपनी कमाई करेगी। एक बस स्टॉप के निर्माण पर लगभग 16 लाख रुपये खर्च का आएगा। कंपनी प्रति बस स्टॉप प्रतिमाह एआईसीटीएसएल को 11,500 रुपये भी देगी। इस तरह 200 बस स्टॉप से एआईसीटीएसएल को 23 लाख रुपये प्रतिमाह और दो करोड़ 76 लाख रुपये सालाना कमाई होगी। कंपनी को 15 साल के लिए बस स्टॉप के संचालन का दिया जिम्मा दिया गया है।

**जवाहर मार्ग से राजवाड़े तक का वन वे का प्रयास, 197 बस संचालकों को अल्टीमेटम**

ट्रैफिक सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य शहर के यातायात को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है। बैठक में तय किया गया कि इंदौर जिला प्रशासन, नगर निगम की पुलिस और इंदौर आरटीओ की टीम मिलकर संयुक्त कार्रवाई करेंगे। बस ट्रेवल्स के 197 बस संचालकों को अल्टीमेटम दिया गया है कि वे अपनी बसें सही जगह पर पार्क करें, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर आशीष सिंह ने इस बैठक में निर्देश दिए कि अगर बस ट्रेवल्स द्वारा यातायात को बाधित किया जाता है, तो शक्ति से कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, इंदौर ट्रैफिक को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए फिर से एक बार जवाहर मार्ग से लेकर राजवाड़े तक का वन वे का प्रयास शुरू किया जा रहा है।

## ठंड पूरी तरह गायब, फरवरी में ही महसूस हुई गर्मी

**संवाददाता ● इंदौर**

शहर में लगातार चार दिनों से अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण गर्मी का एहसास बना हुआ है। वहीं, रात के तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे ठंड पूरी तरह गायब हो गई है और फरवरी में ही गर्मी का अनुभव हो रहा है, हालांकि मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फरवरी के अंतिम सप्ताह में तापमान में गिरावट हो सकती है। गुरुवार को भी पूरे दिन तेज धूप रही और 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने तापमान में हल्की गिरावट तो दर्ज कराई, लेकिन मौसम में ज्यादा राहत नहीं मिली। दिन का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक था, जबकि रात का न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक था। बुधवार को दिन का तापमान 30.5 दर्ज किया था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, दक्षिण पाकिस्तान और राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सिस्टम एक्टिव है, जो गर्म हवाएं ला रहा है। साथ ही, उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस प्रभावी होने के कारण पूरे प्रदेश में तापमान बढ़ा हुआ है। हालांकि, 24 फरवरी के आसपास एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने की संभावना जताई गई है, जिससे प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्का असर देखने को मिल सकता है। फरवरी के अंतिम सप्ताह में तापमान में गिरावट हो सकती है, लेकिन फिलहाल दिन में गर्मी का असर और रात में ठंडक की कमी बनी रहने की संभावना है।

**रात में भी नहीं लौट रही ठंड, अंतिम दिनों में होगी गिरावट**

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने क्षेत्र का निरीक्षण किया

# रेवती रेंज में 13 करोड़ की टंकी, हरियाली बचाने के लिए बड़ा कदम



**संवाददाता ● इंदौर**

रेवती रेंज में लगाए गए 12 लाख से ज्यादा पौधों की देखभाल के लिए अब 13 करोड़ की लागत से पानी की नई टंकी बनाई जाएगी, जिससे इन पौधों को नियमित पानी मिल सके। इसके साथ-साथ वहां आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गजीबो, पाथवे और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे।

फिलहाल पौधों को पानी देने के लिए नगर निगम के टैंकरों का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन नई बनाई जाने वाली टंकी में कबीटखेड़ी ट्रीटमेंट प्लांट से ट्रीटेड पानी पहुंचाया जाएगा, जिसके लिए नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

**लागत**

रेवती रेंज की पहाड़ी पर शहरभर के लोगों और विभिन्न संगठनों की मदद से एक ही दिन में 12 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का रिकॉर्ड बना था। इसके बाद से वहां पौधों की देखभाल के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कल नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस क्षेत्र का निरीक्षण किया, जिसमें संभागायुक्त दीपक सिंह, नगर निगमायुक्त शिवम वर्मा, आईडीए के सीईओ रामप्रकाश अहिरवार, एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर और नगर निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मंत्री विजयवर्गीय ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेवती रेंज की पहाड़ी पर गजीबो, पाथवे, विद्युत व्यवस्था, स्टोर रूम, कंट्रोल रूम, वॉच टॉवर और प्रवेश द्वार सहित अन्य कार्य जल्द से जल्द पूरे कराए जाएं। इन सभी कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। वहां 13 करोड़ रुपये की लागत से 10 लाख लीटर क्षमता वाली पानी की टंकी बनाई जाएगी, जिससे पौधों को नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चिwत की जा सके।

**पाइप लाइन बिछेगी**

एमआईसी मेंबर राजेंद्र राठौर के अनुसार, फिलहाल निगम के चार टैंकरों के जरिए पानी सप्लाई किया जाता है, लेकिन इस नई टंकी के निर्माण से यह प्रक्रिया और अधिक सुव्यवस्थित होगी। कबीटखेड़ी ट्रीटमेंट प्लांट से ट्रीटेड पानी रेवती रेंज तक लाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल हरियाली को बचाने में मदद मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति नगर निगम की गंभीरता भी साबित होगी।

## तीन से लेकर तीस प्रतिशत तक बढ़ेगी गाइड लाइन, डेढ़ सौ नए इलाके जुड़ेंगे

**संवाददाता ● इंदौर**

एक अप्रैल से इंदौर के कुछ इलाकों की प्रॉपर्टी गाइड लाइन बढ़ाने की तैयारी कर ली गई है। गाइड लाइन बढ़ाने का प्रस्ताव अक्टूबर माह में भी भेजा गया था, लेकिन प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिली। अब पंजीयन विभाग ने सालभर में हुए सौदों का आकलन करते हुए उन इलाकों को चुना है, जहां गाइड लाइन तीन से लेकर दस प्रतिशत तक बढ़ेगी।

इसके अलावा डेढ़ सौ से ज्यादा नए इलाके भी कलेक्टर गाइड लाइन के दायरे में आएंगे। इनमें ज्यादातर इलाके बाइपास और शहरी सीमा से सटे हुए हैं, जो नगर निगम सीमा में शामिल हो चुके हैं। नई कॉलोनियों और टाउनशिपों में दो साल पहले नगर निगम ने भी संपत्तिकर बढ़ाया था। मूल्यांकन समिति की बैठक में डेढ़ हजार से ज्यादा लोकेशन की गाइड लाइन बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी पहले ही दे चुकी है। अब उस प्रस्ताव को समिति सरकार के पास फिर से भेजेगी। इन इलाकों में दस से लेकर तीस प्रतिशत तक प्रॉपर्टी की गाइड लाइन में इजाफा होगा। यह बढ़ोतरी उन क्षेत्रों में होगी, जहां सालभर में सबसे ज्यादा रजिस्ट्री हुई और वर्तमान कलेक्टर गाइड लाइन से ज्यादा कीमत पर सौदे हुए। इन दो माह में पंजीयन विभाग में सबसे ज्यादा रजिस्ट्रियां होती हैं। एक अप्रैल को गाइड लाइन बढ़ने के संकेत के कारण अभी पंजीयन कराने में लोग ज्यादा रुचि ले रहे हैं। बीते साल इंदौर में तय गाइड लाइन से दो से तीन गुना कीमतों पर जमीनों के सौदे हुए है। सालभर में हुई खरीदी-बिक्री के सौदों का आकलन करते हुए उन क्षेत्रों में ही गाइड लाइन बढ़ाने पर अफसरों ने फोकस किया है।

### आगामी 5 दिवस में गोशाला निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश

# आशापुरा में 17 हेक्टर भूमि पर बनेगी गोशाला

**संवाददाता ● इंदौर**

नगर निगम इंदौर को गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से महू स्थित ग्राम आशापुरा में 17 हेक्टर शासकीय भूमि आवंटित की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं निगमायुक्त द्वारा गोशाला स्थल का निरीक्षण किया गया। कलेक्टर आशीष सिंह एवं निगमायुक्त शिवम वर्मा ने गोवंश की सुरक्षा, चिकित्सा एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित 17 हेक्टर शासकीय भूमि का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोशाला निर्माण हेतु आवंटित भूमि पर तत्काल फेंसिंग कर इसे संरक्षित किया जाए। इसके साथ ही, निगमायुक्त ने आगामी 4 से 5 दिनों के भीतर गोशाला निर्माण कार्य शुरू करने के क्रम में शेड निर्माण, गोवंश के लिए पेयजल की व्यवस्था हेतु तालाब निर्माण एवं अन्य आवश्यक संरचनाओं की विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वामी अच्युयानंद महाराज, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, प्रभारी कार्यपालन यंत्री असित खरे, एसडीएम परमार, एसडीओ फॉरेस्ट कैलाश जोशी, नायब तहसीलदार सहित राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

**निर्माण**



नगर निगम इंदौर द्वारा गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे आवारा एवं असहाय गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा। इस गोशाला में गोवंश के स्वास्थ्य, पोषण एवं देखभाल की समुचित व्यवस्था की जाएगी, जिससे गोसंवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गोशाला निर्माण होने जाने पर लगभग 10 हजार से अधिक गोवंश को आसरा मिलेगा एवं वन क्षेत्र से लगे होने के कारण गोवंश को गोशाला परिक्षेत्र में खुले में भ्रमण की आजादी भी रहेगी, इस प्रकार से यहां पर गोवंश के लिये गोशाला बनाई जा सकेगी।

# देशभर में लोको पायलटों का विरोध प्रदर्शन 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे भूख हड़ताल

संवाददाता ■ रायपुर

ऑल इण्डिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोसिएशन के बैनर तले पूरे देश भर में ट्रेन लोको पायलटों ने आज सुबह 7 बजे से भूख हड़ताल शुरू कर दी है. देश भर में करीब 90 हजार लोको पायलटों ने 15 सूत्री मांगों को लेकर 36 घंटे के उपवास पर बैठ गए हैं. जानकारी देते देते हुए रायपुर रेल मंडल के लोको पायलट रवि कुमार ठाकुर ने बताया कि लोको पायलटों से 12 से 14 घंटे काम लिया जा रहा है. काम के घंटे निर्धारित नहीं हैं. असिस्टेंट लोको पायलट से जबरन हैंड ब्रेक कसवाया जाता है. जो रेलवे की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है.

प्रदर्शनकताओं की प्रमुख मांगों में साप्ताहिक विश्राम 16 घंटे करना और साइन ऑन से साइन ऑफ तक 9 घंटे की ड्यूटी लागू करना शामिल है. दो लगातार नाइट ड्यूटी के बाद तुरंत ड्यूटी देने का भी विरोध किया जा रहा है. सातवें वेतनमान में डीए में 50 प्रतिशत वृद्धि पर कर्मियों के टीए में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान था. लेकिन यह बढ़ोतरी अभी तक नहीं की गई है. आज सुबह 7 बजे से भूखे पेट रहकर यह हड़ताल कर रहे है. जो लगातार 36 घंटे तक चलेगी।

दिनांक 01.01.24 से रनिंग भत्ता दरों में 25% की वृद्धि की जए तथा फ्अउ 1981 के अनुसार रनिंग भत्ता दरों में संशोधन किए जाए. 70% किलोमीटर भत्ते को आयकर से मुक्त किया जाए. लोको रनिंग स्टाफ को इंटेंसिव कैटेगरी घोषित करते हुए माल गाड़ी के लिए अधिकतम 8 घंटे व यात्री गाड़ी के लिए अधिकतम 6 घंटे की ड्यूटी निर्धारित की जाए.रिपोर्ट के अनुशंसा के अनुसार रात्रि ड्यूटी को लगातार 2 रात्रि ड्यूटी तक सीमित किए जाए. 36. घंटे के भीतर रनिंग स्टॉफ को मुख्यालय वापस लाना सुनिश्चित किए जाए. रेल संचालन से संबंधित सभी औजार या टूल्स बॉक्स और त्रऋ लोको कैब में ही उपलब्ध करवाया जाए. सभी क्लल३ी१ ॠ१२ङ्गल्लं' प्रक्रिया को बिना किसी विलंबन के पूर्ण किया जाए. ठढर/वढर को हटाएँ, डढर को पुनः स्थापित करें. रेल अधिनियम 1989 की धारा 133 (2) के तहत साप्ताहिक विश्राम (ढफ) 16+33 घंटे लागू करें. अछढ, छढर, छढऋ छढढ और छढट के लिए क्रमशः छ-6, छ-7, छ-8, छ-9 एवं छ-10 वेतनमान निर्धारित किया जाए. नियम विरूद्ध एटव और टएटव में सिंगल टअठ वर्किंग अविलंब बंद करें. विभिन्न लोकोमोटिव की संख्या के अनुसार प्रशिक्षण की अवधि बढ़ाई जाए. रनिंग स्टॉफ के भोजन ब्रेक को परिभाषित किया जाए. महिला रनिंग स्टाफ को विशिष्ट शिकायतों का निवारण किया जाए. लोको पायलट पर एक साथ कई कार्यों का बोझ डालना बंद किया जाए. स्टेशन सेक्शन में अछढ से गाड़ियों का हैण्ड ब्रेक बांधन/खोलने का अवैध आदेश रद्द किया जाए. कैब में उश्श्फ्र लगाकर चालक दल के ऊपर अतिरिक्त मानसिक प्रताड़ना बंद करें. सहायक लोको पायलट को एडिशनल एलाउंस दिया जाए.

## इन मांगो को लेकर बैठे हड़ताल पर



## मुख्यमंत्री साय दिल्ली सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल, सीएम गुप्ता को दी शुभकामनाएं



रायपुर। दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी की सरकार बन गई है. रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नौवीं और चौथी महिला सीएम के रूप में शपथ ले ली है. इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए. उन्होंने दिल्ली की नव नियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शुभकामनाएं दीं. इस दौरान उनके साथ प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी मौजूद रहे.बता दें, फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता ने दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को हराया था. रेखा गुप्ता इस सीट से 29000 से ज्यादा वोटों से जीती थीं. दिल्ली की नई सरकार के शपथग्रहण में मुख्यमंत्री के साथ छह मंत्री भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली है. शपथग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजाथ सिंह समेत सभी बीजेपी शासित और ठऊअ शासित राज्यों के सीएम शामिल हुए.

## नाना ने 10 साल की नातिन के साथ किया दुष्कर्म, सलाखों के पीछे आरोपी

गौरेला पेंड्रा मरवाही. छत्तीसगढ़ में एक बार फिर रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. जिले के पेंड्रा थाना क्षेत्र में नाना ने अपनी नातिन के साथ दुष्कर्म किया है. इस मामले में पुलिस ने आरोपी नाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.दरअसल 10 साल की नाबालिग नातिन का बर्थडे मनाया गया था. इस दौरान बर्थडे पार्टी में लेट हो जाने के कारण नाना घर में ही रात को रुका था. बर्थडे वाली रात को नातिन के साथ रिश्तेदार नाना सोए हुए थे. इस दौरान रिश्तेदार नाना ने आधी रात को नातिन के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया.नातिन ने रोते हुए कमरे से बाहर निकलकर अपने परिजनों को आप बीती बताई. इसके बाद परिजनों ने थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. वहीं पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी नाना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## खंभे से टकराई तेज रफ्तार कार, 2 फोटोग्राफरों की मौत



रायपुर. राजधानी रायपुर में बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें 2 युवकों की जान चली गई. विधानसभा रोड में एक तेज रफ्तार कार अचानक खंभे से जा टकराई, जिससे कार में सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए. सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद दोनों के शव को कार से बाहर निकाला, जिसके बाद पुलिस मर्ग कायम कर दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और घटना की जांच में जुट गई है.

## गैंगरेप के बाद नाबालिग ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में लिखा - बॉयफ्रेंड और उनके दोस्तों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

दुर्ग। भिलाई के स्मृति नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग ने गैंगरेप के बाद घर पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. लड़की ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने आदित्य बारले और उसके चार दोस्तों पर गैंगरेप करने का आरोप लगाया है. लड़की के मोबाइल में कई ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मिले हैं, जिसमें 16 फरवरी को गैंगरेप का जिक्र है. घटना के दो दिन बाद 18 फरवरी को उसने सुसाइड किया है. घटना के बाद से आदित्य बारले और उसका परिवार घर से फरार है.जानकारी के मुताबिक, आदित्य बारले और नाबालिग के बीच जून से प्रेम प्रसंग चल रहा था. उसने कई महीने तक लड़की के साथ संबंध बनाया. परिजनों ने बेटी को ब्लैकमेल करने की बात भी कही है. वहीं पुलिस इसे सिर्फ खुदकुशी का मामला बता रही है. उनके मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने, सुसाइड नोट और अन्य सबूतों की जांच के बाद ही चीजें स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस के अनुसार आदित्य बारले और नाबालिग लड़की एक ही मोहल्ले में रहते थे. पिछले कई महीनों से वे एक दूसरे से फोन पर बातें करते और वॉट्सअप में चैट करते थे. धीरे-धीरे उनके बीच नजदीकियां इतनी बढ़ गई कि आदित्य ने लड़की को अकेले कमरे में बुलाना शुरू कर दिया. आरोपी आदित्य ने युवती को जीवनभर साथ देने का वादा किया और अपने झांसे में लेकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए. युवती ने भी अपने सुसाइड लेटर में 2 जून से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने की बात लिखी है. फरवरी महीने में युवती ने आदित्य को संबंध बनाने से मना किया और शादी की बात कही, लेकिन आदि ने उसे कहा कि यह आखरी बार है. उसके कमरे में आ जाओ और आदि ने अपने दोस्तों को भी बुला लिया.आदित्य के अन्य चार दोस्तों ने मिलकर पहले लड़की को अपनी हवस का शिकार बनाने की प्लानिंग की थी।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बड़ी लापरवाही

# बैलेट पेपर से वार्ड पंच प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिन्ह गायब, चुनाव किया गया निरस्त

संवाददाता ■ कोंडागांव

छत्तीसगढ़ में आज हुए दूसरे चरण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में एक बड़ी लापरवाही सामने आई है. कोंडागांव जिले के फरसगांव विकासखंड के ग्राम कोटपाड़ के वार्ड क्रमांक 2 में मतपत्र से एक प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिन्ह गायब नजर आया.वार्ड क्रमांक 2 में पंच पद के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे और सभी ने अपना चुनाव प्रचार भी किया था. लेकिन जब मतदान शुरू हुआ, तो मतदाताओं और प्रत्याशियों को तब झटका लगा जब बैलेट पेपर में एक उम्मीदवार का नाम और चिन्ह ही नहीं था.



## चुनाव निरस्त, फिर से होगा मतदान

बैलेट पेपर में वार्ड पंच प्रत्याशी शैलेश माली, जिनका चुनाव चिन्ह कुल्हाड़ी था. उनका नाम और चिन्ह ही अंकित नहीं था. इस बड़ी चूक के सामने आने के बाद मतदाता और प्रत्याशियों ने विरोध जताया, जिसके बाद निर्वाचन अधिकारियों ने इस वार्ड में मतदान को निरस्त करने का निर्णय लिया है.उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रांकन चार्ली ने बताया कि फरसगांव विकासखंड के ग्राम कोटपाड़ के वार्ड क्रमांक 2 के पंच प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिन्ह मतपत्र में प्रकाशित नहीं हुआ था. उस वार्ड में पुनः मतदान किया जाएगा. कहां चूक हुई है, इसकी जांच की जाएगी और जो दोषी होंगे, उन पर नियमानुसार कार्रवाई होगी.

## दूसरे चरण में 43 विकासखंडों में हुआ मतदान

बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में आज 43 विकासखंडों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ. इस चरण में कुल 46,83,736 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग किया. मतगणना 21 फरवरी को होगी. पहले चरण के चुनाव में 53 विकासखंडों में मतदान हुआ था, जिसमें 81.38 प्रतिशत औसत मतदान दर्ज किया गया था.

## यूपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा की संदिग्ध मौत, प्राइवेट हॉस्टल के कमरे में मिली लाश

संवाददाता ■ बिलासपुर

यूपीएससी की तैयारी कर रही एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव शहर के एक प्राइवेट हॉस्टल के बंद कमरे में मिला। घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक छात्रा कोरिया जिले की रहने वाली थी और बिलासपुर में रहकर यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि छात्रा को पेट दर्द और टीबी की बीमारी थी, जिससे वह परेशान रहती थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। टीआई सिविल लाइन एस.आर साहू ने बताया कि मृतका कोरिया जिले की रहने वाली थी और पिछले पांच वर्षों से बिलासपुर में रह रही थी। बिलासपुर स्थित दिल्ली क्अर एकेडमी में वढरउ परीक्षा की तैयारी के लिए वह क्लासेस ले रही थी। छात्रा ने ऐसा जानलेवा कदम क्यों उठाया इसका अब तक पता नहीं लग सका है और न ही मौके से कोई सुसाइड नोट मिला है। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े हर पहलू की जांच कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह आत्महत्या है या किसी अन्य कारण से मौत हुई है।



## सनकी पति ने पत्नी को लगाई आग, हालत गंभीर, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता ■ कोरबा

छत्तीसगढ़ के कोरबा से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. कटघोरा थाना क्षेत्र के ढेलवाडीह में आज सुबह एक सनकी पति ने अपनी पत्नी को घर से कुछ दूर जिंदा जलाने के इरादे से आग लगा दिया. मॉर्निंग वॉक पर निकले राहगिरों ने जब देखा तो महिला बुरी तरह से झुलसी हालत में मिली. राहगिरों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल भेजा और पुलिस को सूचना दी.सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से पीड़िता के जले हुए चप्पल, माचिस और पट्रोल की खाली बोतल बरामद किया है और मामले में पीड़िता के आरोपी पति को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है.जानकारी के अनुसार, पीड़िता की पहचान भावना अग्रवाल, ढेलवाडीह सुतरा मार्ग के रूप में हुई, जिससे आरोपी गोपाल अग्रवाल (किराना व्यवसायी) ने 6 साल पहले शादी हुई थी।



पीड़िता गोपाल की दूसरी पत्नी थी. इससे पहली पत्नी की मौत के बाद गोपाल ने दूसरी शादी की थी. लेकिन गोपाल को पहली पत्नी से भी कोई संतान नहीं मिला और दूसरी शादी को 6 साल होने के बाद भी संतान सुख नहीं मिलने से वह अक्सर पीड़िता (भावना पर) आक्रोशित रहता था. अक्सर उससे मारपीट किया करता था और उसे कई बार मायके भी छोड़ आता था.आरोपी ने आज सुबह 4 बजे अपनी पत्नी से कहा कि चलो आज हम चक चकवा पहाड़ जाकर वहां मॉर्निंग वॉक करेंगे. इसके बाद आरोपी पति भावना को चक चकवा पहाड़ की ओर ले जाने के बजाय, देलवाडीह की ओर पुराने रएउछ कालोनी में दुर्गा पंडाल के पास ले जाकर गाड़ी में रखें पेट्रोल से नहलाकर आग के हवाले कर दिया. फिलहाल पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है.अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर ने बताया, कि घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए आगे की जांच कार्रवाई शुरू की गई. वहीं आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच के लिए मौके पर फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया गया है. आगे की जांच कार्रवाई जारी है.

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः ग्रामीणों ने किया चुनाव बहिष्कार का ऐलान

संवाददाता ■ बलौदाबाजार




छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव मे जिले में लगातार चुनाव बहिष्कार के मामले सामने आ रहे हैं. पहले कसडोल विकासखंड के ग्राम कोट पंचायत में ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार किया था. अब बलौदा बाजार विकासखंड में 23 फरवरी को पंचायत चुनाव होना है, लेकिन यहां ग्राम पंचायत कुकुरदी के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार की घोषणा कर दी है.ग्रामीण ग्राम पंचायत के बंजर भूमि में बलौदा बाजार से लाकर बसाये गये सांवरा जाति के लोगों को ग्राम कुकुरदी के वार्ड नंबर 12 में शामिल किये जाने का विरोध कर रहे हैं. यह विरोध सन 2013 से चला आ रहा है. पूर्व में सांवरा बस्ती के लोग बलौदा बाजार के वार्ड नंबर 2 में मतदान करते थे और लोकसभा, विधानसभा में भी इन्होंने बलौदा बाजार में ही वोट डाला था. इसके अलावा सोसाइटी से मिलने वाला चांवल भी इन्हें बलौदा बाजार से ही मिलता है, पर अब इन्हें फिर से कुकुरदी ग्राम पंचायत में शामिल किया गया है, जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है और वे ग्राम पंचायत के साथ ही जनपद व जिला पंचायत चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं. इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा था.

वहीं बताया जा रहा है कि सांवरा बस्ती से एक महिला ने पंच पद के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है, जिसके बाद वह निर्विरोध पंच निर्वाचित हो चुकी है. ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार को लेकर आज ग्राम कुकुरदी में बैठक किया और एक मत से सभी ने इस पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है. ग्राम पंचायत के वर्तमान सरपंच संतोष धुव ने बताया कि हम सन 2013 से सांवरा बस्ती को ग्राम पंचायत कुकुरदी में शामिल किये जाने का विरोध कर रहे हैं और पहले इसको पूर्व कलेक्टर ने माना और बस्ती के लोग बलौदा बाजार के वार्ड नंबर 2 में विधानसभा व लोकसभा में मतदान किये थे. पर अब पुनः ग्राम पंचायत कुकुरदी में शामिल किया गया है जिसका ग्रामीणों ने एकमत होकर विरोध करने का मन बनाया है. हमारी मांग है कि उन्हें बलौदा बाजार का ही निवासी रहने दे कुकुरदी में शामिल नहीं करे. और इसको लेकर विरोध कर रहे हैं.

वही इस संबंध में जब बलौदा बाजार एसडीएम अमित गुप्ता व चुनाव अधिकारी तहसीलदार राजल पटेल से पुछा गया तो उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया. सवाल यह उठता है कि जिला प्रशासन इतने वर्षों के बाद भी ग्राम पंचायत कुकुरदी के ग्रामीणों व बसाहट में बसे सांवरा बस्ती के बीच सामंजस्य क्यों नहीं बैठा पाया और न ही उनकी समस्या का हल कर पाया. अब देखना होगा कि इस बहिष्कार को राज्य चुनाव आयोग किस तरह हल करता है. क्या पुनः चुनाव होगा या सांवरा बस्ती की महिला पंच ही ग्राम पंचायत कुकुरदी का दायित्व संभालेगी..

राजिम कुंभ कल्प

# मेले में पहुंचा 12 साल का नागा बाबा, कठिन परीक्षा के बाद नागा साधु बनने के होते हैं पात्र

संवाददाता ■ गरियाबंद

राजिम कुंभ कल्प में विभिन्न क्षेत्रों से नागा साधु संत पहुंचे हुए हैं। इन नागा संतों के बीच एक 12 साल का नागा बाबा श्रद्धालुओं के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है। नागा बाबा का नाम देवागिरी महाराज है, जो जूना अखाड़ा के 13 मणि जगरामा परिवार में शामिल हुआ है। कक्षा छटवीं तक पढ़ा नरसिंगपुर जिले का रहने वाला ये बाल नागा धर्म की रक्षा और ईश्वर प्राप्ति के लिए नागा बनना स्वीकार किया है। अभी उनकी प्रारंभिक स्थिति है।

कुछ बरसों की कठिन परीक्षा और परीक्षण के बाद उन्हें विधिवत नागा पद्धति से दीक्षित किया जाएगा। तब वे पूर्ण रूप से नागा साधु बनने के लिए पात्र होंगे।कुंभ मेले में पहुंचे लोगों में यह चर्चा बनी हुई है कि इतनी छोटी सी उम्र में नागा साधुओं के कठोर नियम और विधान को ये नन्हा बालक नागा साधु कैसे कर पाएगा? वैसे नागा साधुओं की बात करें तो इसकी प्रक्रिया आसान नहीं होती है। नागा बनने के लिए पहले अखाड़े में सेवा देनी पड़ती है। इस दौरान अखाड़ा, आवेदक का इतिहास और पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी इकट्ठा करता है।आवेदक का गृहस्थ आश्रम से कोई संबंध नहीं होना चाहिए। फिर किसी कुंभ मेले में उसे दीक्षा दी जाती है, जिसमें दीक्षा लेने वालों को पिंडदान करना होता है। दीक्षा प्रक्रिया के बाद उसे नए नाम के साथ अखाड़े में प्रवेश मिलता है।





# ‘गंदी बात’ की वजह से बढ़ सकती हैं एकता कपूर की मुश्किलें

बॉलीवुड और टीवी सीरियल की प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। दरअसल, मुंबई पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह केस ‘गंदी बात 6’ से जुड़ा है। प्रोड्यूसर एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। सामने आ रही जानकारी के मुताबिक, अब मुंबई पुलिस जल्द ही दोनों को नोटिस जारी करेगी। इस बात की पुष्टि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने की है। पुलिस अधिकारी ने कहा हम जल्द ही आरोपी व्यक्तियों को नोटिस जारी करेंगे और उन्हें जांचकतार्ओं के सामने पेश होने को कहेंगे। एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर पर ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज ‘गंदी बात’ में नाबालिग लड़कियों के आपत्तिजनक सीन्स फिल्माने का आरोप है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, बालाजी टेलीफिल्म लिमिटेड, एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ मुंबई के एमएचबी पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 295-ए, आईटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट की धारा 13 और 15 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसके साथ ही, सीरीज पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप भी हैं। मुंबई के बोरिवली स्थित एमएचबी पुलिस थाने में एक स्थानीय नागरिक ने वेब सीरीज में सिगरेट के विज्ञापन का इस्तेमाल करते हुए महापुरुषों और संतों का अपमान करने का भी आरोप लगाया है। 2020 में भी एकता कपूर के खिलाफ इसी सीरीज की वजह से केस दर्ज हुआ था। तब एकता कपूर पर ‘गंदी बात’ के एक सीजन में सेना के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री दिखाने का आरोप लगा था। ऐसे में बिहार के बेगूसराय जिले की एक अदालत ने एकता और शोभा की गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया था। बता दें, अभी इस मामले की जांच जारी है।

# सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ साझेदारी कर रोमांचित हैं मौनी रॉय

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री मौनी रॉय ज्वेलरी रिटेल चेन में से एक, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ साझेदारी कर रोमांचित हैं। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स दिल्ली में दो नए रिटेल लोकेशंस पीतमपुरा और चांदनी चौक में ग्रैंड ओपनिंग की घोषणा करते हुए उत्साहित है। मौनी रॉय ने इसका उद्घाटन किया।नए स्टोर्स में हस्तनिर्मित आभूषणों का शानदार संग्रह होगा, जिसमें एवरलाइट की समकालीन डिजाइन और टेम्पल ज्वेलरी, शक्ति कलेक्शन, शगुन कलेक्शन जैसी पारंपरिक पसंदीदा डिजाइन शामिल हैं, जो हर अवसर के लिए उपयुक्त हैं। स्टोर के लॉन्च पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, मौनी रॉय ने कहा, मैं सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ साझेदारी कर बहुत रोमांचित हूं, क्योंकि यह बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से दशार्ता है। उनकी जटिल डिजाइन और कारीगरी मुझे दुर्गा पूजा के दौरान मेरी माँ और दादी द्वारा पहने गए सुंदर आभूषणों की याद दिलाती हैं। यह देखकर खुशी होती है कि सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स बंगाल की कला को दिल्ली तक लेकर आ रहा है।



## तनु प्रियंका और तोशी द्विवेदी का लोकगीत मछरी कट नथुनिया रिलीज

गायिका तनु प्रियंका और अभिनेत्री तोशी द्विवेदी का लोकगीत ‘मछरी कट नथुनिया’ रिलीज हो गया है। लोकगीत ‘मछरी कट नथुनिया’ को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया है। इस लोकगीत के वीडियो में एक्ट्रेस तोशी द्विवेदी ने चिकनी चमेली स्टाइल में पीली रंग की साड़ी पहने कमरतोड़ नृत्य करते दिख रही है। इसके वीडियो में दिखाया गया है तोशी द्विवेदी सजधज कर तैयार है। वह अपने पति को बड़े प्यार से रिझा रही है और अपनी फरमाइश भी बता रही है कि उसे क्या क्या कहां-कहां से चाहिए। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत लोकगीत ‘मछरी कट नथुनिया’ के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गीत को तनु प्रियंका गाया है। इसके वीडियो में तोशी द्विवेदी हैं। इस गाने के गीतकार डीके दीवाना जबकि संगीतकार अंकित श्री राम स्टूडियो हैं। मिक्स एंड मास्टर अजय सिंह एजे ने किया है। वीडियो डायरेक्टर रंजीत सिंह, डीओपी मनोज विश्वकर्मा, सुनील यादव, कोरियोग्राफर घायल सिंह, एडिटर अभिषेक शुक्ला, ईपी तुषार केसरवानी हैं।



# स्विट्जरलैंड से बहुत प्यार करते थे यश चोपड़ा



बॉलीवुड के किंग ऑफ रोमांस कहे जाने वाले फिल्मकार यश चोपड़ा को स्विट्जरलैंड से बहुत प्यार था और उन्होंने अपनी ज्यादातर फिल्मों में यहां की खूबसूरती को बखूबी दिखाया था। यश चोपड़ा ने अपनी कई फिल्मों में स्विट्जरलैंड की खूबसूरत वादियों में शूटिंग की थी। अपनी फिल्मों के जरिए यश चोपड़ा ने स्विट्जरलैंड के टूरिजम को बढ़ाने में काफी मदद की थी, जिसके लिए वहां की सरकार ने यश चोपड़ा को को ऐसा सम्मान दिया, जो इतिहास में दर्ज हो गया। वर्ष 2016 में स्विट्जरलैंड सरकार ने वहां यश चोपड़ा की कांस्य यानी ब्रोंज की एक मूर्ति लगवाई, जिसका वजन 250 किलो है। इसे स्विट्जरलैंड के इंटरलेकन में कांग्रेस सेंटर में लगाया गया है। स्विट्जरलैंड में यश चोपड़ा के नाम से स्पेशल ट्रेन चलाई गई। वर्ष 2011 में वहां की रेलवे ने यश चोपड़ा के नाम से एक ट्रेन की शुरुआत की थी। इस ट्रेन पर यश चोपड़ा के नाम का बोर्ड और सिग्नेचर है। स्विट्जरलैंड में एक लेक का नाम यश चोपड़ा के नाम पर है, जिसका नाम स्विट्जरलैंड में यश चोपड़ा के नाम एक सड़क भी है। इंटरलेन की मेन स्ट्रीट का नामकरण यश चोपड़ा के नाम पर किया गया। पंजाब के लाहौर में 27 सितंबर 1932 को जन्में यश चोपड़ा के बड़े भाई बीआर ोपड़ा फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने निर्माता-निर्देशक थे। वर्ष 1945 में उनका परिवार पंजाब के लुधियाना में आकर बस गया था। कहा जाता है कि जब वह पढ़ाई कर रहे थे, तब वह इंजीनियर बनना चाहते थे। वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए लंदन भी जाने वाले थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। उनकी किस्मत उन्हें फिल्मों की ओर लेकर आई, वह फिल्मी दुनिया का हिस्सा बनने के लिए मुंबई आ गए। अपने कॅरियर के शुरूआती दौर में यश चोपड़ा ने आईएस जौहर के साथ बतौर सहायक काम किया।

## हिंदी में डब होगी तमन्ना की ‘ओडेला-2’

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की तेलुगु भाषा में बन रही फिल्म ओडेला 2 हिंदी में भी डब कर रिलीज की जा सकती है। तमन्ना भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय करती हैं। तमन्ना इन दिनों फिल्म ‘ओडेला 2’ को लेकर व्यस्त हैं। इस फिल्म में तमन्ना बेहद अलग अवतार में नजर आने वाली हैं। वह इस फिल्म में शिवशक्ति नामक एक नागा साध्वी का किरदार निभाती नजर आएंगी। चर्चा है कि ‘ओडेला 2’ को हिंदी में भी डब किया जाएगा। इस फिल्म को मूल भाषा तेलुगु के साथ-साथ पूरे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबाह पटेल, मुरली शर्मा, वशिष्ठ सिम्हा और अन्य कई कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म का निर्माण संपत नंदी द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इस फिल्म का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं। तमन्ना भाटिया हाल ही में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी, फिल्म ‘स्त्री-2’ में स्पेशल डांस नंबर ‘आज की रात’ में नजर आई थीं।

## राजा राम का दूसरा गाना ‘चॉकलेटी सड़िया’ रिलीज




भोजपुरी सिनेमा के ट्रेंडिंग स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म राजा राम का दूसरा गाना ‘चॉकलेटी सड़िया’ रिलीज हो गया है। चॉकलेटी सड़िया’ गाने में खेसारीलाल के साथ अभिनेत्री सपना चौहान नजर आ रही हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा, चॉकलेटी सड़िया फिल्म ‘राजाराम’ का एक बेहद खूबसूरत गाना है। इसकी शूटिंग के दौरान मैंने खूब इंजॉय किया। सपना चौहान के साथ काम करके मजा आया और दर्शकों को भी हमारी केमिस्ट्री बहुत पसंद आ रही है। मैं चाहता हूं कि हमारे फैंस इस गाने पर रील्स बनाएं और हमें बताएं कि उन्हें यह गाना कैसा लगा। यह गाना हर किसी को झूमने पर मजबूर कर देगा। चॉकलेटी सड़िया’ गाने को खेसारीलाल यादव और प्रियंका सिंह ने अपनी आवाज दी है, जबकि संगीत कृष्णा बेदर्दी ने दिया है और लिरिक्स कुंदन प्रीत ने लिखे है।



# रिलीज ही नहीं हो पाई थी ऐश्वर्या राय बच्चन की पहली फिल्म

बॉलीवुड में ऐश्वर्या राय की डेब्यू फिल्म थी ‘और प्यार हो गया’। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि यह उनकी पहली फिल्म नहीं थी, बल्कि उनकी पहली फिल्म सुनील शेट्टी के साथ थी, जो पूरी बन नहीं सकी और रिलीज भी नहीं हो पाई। ऐश्वर्या राय बच्चन की पहली फिल्म सुनील शेट्टी के साथ ‘हम बच्चे हैं एक डाल के’ हो सकती थी, लेकिन वह फिल्म बन ही नहीं पाई और रिलीज नहीं हो सकी। फिल्म की कहानी बेहद दिलचस्प थी लेकिन अफसोस फिल्म पूरी नहीं हो सकी। इसी फिल्म से जुड़ा हुआ खुलासा राहुल ढोलकिया ने करीब 30 साल बाद किया है। राहुल ढोलकिया डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने के लिए पहचाने जाते हैं, हाल ही में उन्होंने फिल्म डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा से बातचीत की और इसी बातचीत में उन्होंने ऐश्वर्या राय की पहली फिल्म का जिक्र किया, जो सुनील शेट्टी के साथ बन रही थी।

मुकेश छाबड़ा से बातचीत के दौरान राहुल ढोलकिया ने बताया कि फिल्म निर्देशक शशिलाल नायर ‘हम बच्चे हैं एक डाल के’ नाम की फिल्म बना रहे थे। जिसमें ऐश्वर्या राय और सुनील शेट्टी अहम भूमिका में थे। फिल्म पूरी नहीं बन पाई, क्योंकि डायरेक्टर की अजीबोगरीब डिमांड और उनके एरोगेंस के चलते फिल्म अधूरी रह गई और सिनेमा घरों में रिलीज नहीं हो सकी। इंटरव्यू के दौरान ही राहुल ढोलकिया ने बताया कि फिल्म बनाते समय डायरेक्टर शशिलाल नायर अजीबोगरीब डिमांड किया करते थे। निर्देशक एक ग्रैंड कैनयन में एक्शन सीन को शूट करना चाहते थे, जहां बड़े-बड़े पत्थर गिरते हैं। उन्हें हर पत्थर एक कमरे के साइज का चाहिए था और उन्होंने वैसे हजार पत्थरों की डिमांड की थी। जब उनसे यह पूछा गया कि दृश्य कितने टेक में फिल्माया जाएगा, तो वह नाराज हो गए। राहुल ढोलकिया ने बताया कि आधा समय इन्हीं बातों में चला जाता था और फिल्म कभी भी पूरी नहीं हो सकी।

# वड़ा पाव खाना बहुत पसंद करते हैं अमिताभ



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को वड़ा पाव बेहद पसंद है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16, के आने वाले एपिसोड में, गुजरात निवासी कला और शिल्प और संगीत की शिक्षिका, प्रतियोगी हर्षा उपाध्याय हॉट सीट पर बैठेंगी। खाने से संबंधित सवाल के बाद एक खुशनुमा बातचीत के दौरान, हर्षा उपाध्याय ने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन से पूछा कि क्या उन्हें चूरमा पसंद है, जिस पर उन्होंने हंसते हुए खुलासा किया कि भले ही उन्होंने सभी व्यंजनों का स्वाद न चखा हो, लेकिन एक स्नैक उन्हें बेहद पसंद है, वड़ा पाव! उन्होंने कहा, उससे बढ़ कर कोई चीज नहीं है, छोटा सा है पर लेकिन इतना बढ़िया है... हर जगह मिलता है।सिर्फ देश में ही नहीं पर विदेश में भी। कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# निम्रत कौर के आगे जब ऐश्वर्या की तारीफ करते नहीं थके अभिषेक

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय का रिश्ता बीते कुछ दिनों से लगातार चर्चा में बना हुआ है। सेपरेशन और तलाक की अफवाहें सोशल मीडिया पर पूरी तरह कब्जा कर चुकी हैं। फिलहाल दोनों ही सितारे इस पर चुप्पी साधे हुए हैं और सिर्फ अपने एक्शन्स से ऐसी अफवाहों का जवाब दे रहे हैं। साल 2007 में अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय ने शादी की थी। शादी के चार साल बाद दोनों बेटी आराध्या के पेरेंट्स बने। दोनों की केमिस्ट्री लोगों को काफी पसंद आती थी। कई मंचों पर भी दोनों ने एक-दूसरे का साथ दिया। कभी साथ में थिरकते दिखे तो कभी सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे की तारीफ की। अब एक और वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अभिषेक एक पुराने इंटरव्यू में ऐश्वर्या की तारीफों के पुल बांधते नजर आ रहे हैं।

‘दसवीं’ के प्रचार के दौरान का वाकया- सामने आए इस वीडियो में निम्रत कौर नजर आ रही हैं। ये वीडियो फिल्म ह्यदसवींह्न के प्रचार के दौरान का है। इस फिल्म में निम्रत कौर और अभिषेक बच्चन लीड रोल में थे। इस फिल्म का प्रचार करते हुए अभिषेक ने एक चैनल पर कहा कि मेरी पत्नी इस मामले में असाधारण है। वह हमेशा मेरे लिए एक अद्भुत भावनात्मक सहारा रही हैं। मैं बहुत भाग्यशाली रहा हूं, मेरा पूरा परिवार भाग्यशाली रहा है। ऐश्वर्या जैसी जीवनसाथी होने की सबसे अच्छी बात यह



है कि वह व्यवसाय से हैं। वह इसे समझती हैं। वह मुझसे थोड़े ज्यादा समय से यह काम कर रही हैं, इसलिए वह दुनिया को जानती हैं। वह इन सब से गुजरी हैं। इसलिए जब आप घर आते हैं और यदि आपका कोई चुनौतीपूर्ण दिन रहा है तो यह अच्छा होता है, आप जानते हैं कि कोई है जो इसे समझता है।

गौर से सुनती रहीं निम्रत- पूरी बातचीत के दौरान निम्रत कौर, अभिषेक की बातें ध्यान से सुनती रहीं और उनकी बातों में हामी भी भरती नजर आईं। अभिषेक बच्चन इसी बातचीत में आगे कहते हैं कि मैंने हमेशा देखा है कि वह एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने अपने जीवन के सबसे कठिन समय को भी बहुत गरिमा और शालीनता के साथ पार किया है। मैं वास्तव में उनकी इस खूबी की प्रशंसा करता हूं। अभिनेता भावुक लोग होते हैं, हम बहुत ही अतिसंवेदनशील होते हैं। और कई बार ऐसा होता है जब हम बस भड़कना चाहते हैं और हम भड़क जाते हैं। आप केवल इतना ही सहन कर सकते हैं। मैंने उन्हें ऐसा करते कभी नहीं देखा।

खूब उड़ी हैं अफवाहें- बता दें, इन दिनों सोशल मीडिया पर अफवाहें हैं कि निम्रत कौर से नजदीकियों के चलते अभिषेक और ऐश्वर्या राय रिश्ता बिगड़ा है। दोनों के बीच दरार की वजह निम्रत कौर को बताया जा रहा है। लोगों का दावा है कि दोनों ह्यदसवींह्न के दौरान करीब आ गए। दावों में ऐसा कहा गया कि निम्रत कौर और एक्टर के करीब आने की वजह अभिषेक बच्चन की ऐश्वर्या को लेकर इनसेक्योरिटी ही है। अब इस बात में कितनी सच्चाई है, इसे तो ये सितारे ही बता सकते हैं। फिलहाल तीनों ही सितारों ने इस मामले पर चुप्पी साधी है। इस फिल्म में नजर आएंगे अभिषेक- वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिषेक बच्चन जल्द ही शाहरुख खान स्टारर ह्यकिंगह्न में नजर आएंगे।

बांग्लादेश के खिलाफ चैम्पियन ट्रॉफी में बनाया यह रिकॉर्ड

# पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज बने शमी

एजेंसी | दुबई



चैंपियंस ट्रॉफी बांग्लादेश के खिलाफ मोहम्मद शमी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पावरप्ले में बांग्लादेश को दो झटके दिए। उन्होंने सौम्य सरकार को विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराया, जबकि मेहदी हसन मिराज को शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। सरकार खाता नहीं खोल सके, जबकि मिराज ने पांच रन बनाए। इन दो विकेट के साथ ही शमी ने एक खास उपलब्धि हासिल की। वह साल 2015 से वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को मिलाकर पावरप्ले में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 19.8 का रहा है।

### सिर्फ ट्रेंट बोल्ट से पीछे हैं मोहम्मद शमी


इस मामले में शमी से आगे सिर्फ ट्रेंट बोल्ट हैं। उन्होंने इस दौरान 26 विकेट लिए थे और उनका स्ट्राइक रेट 33.6 का रहा था। लिस्ट में 19 विकेट के साथ मिचेल स्टार्क तीसरे और 14 विकेट के साथ क्रिस वोक्स चौथे स्थान पर रहे। शमी के दो विकेट के अलावा पावरप्ले में हर्षित राणा ने एक विकेट और अक्षर पटेल ने दो विकेट लिए। अक्षर ने पारी के नौवें ओवर में लगातार दो गेंद पर दो विकेट लिए और हैट्रिक से चूक गए। पावरप्ले यानी शुरुआती 10 ओवर में बांग्लादेश ने पांच विकेट गंवाकर 39 रन बनाए। यह चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में शुरुआती 10 ओवर में बनाए गए चौथे सबसे कम रन हैं।

### भारत ने वनडे में लगातार 11वां टॉस गंवाया

भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 11वां टॉस गंवाया है। टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के मैच के बाद से कोई टॉस जीत नहीं सकी है। भारतीय कप्तान रोहित ने प्लेइंग-11 में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से कुछ बदलाव किए। वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह को बाहर किया गया। मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की वापसी हुई है। भारतीय टीम आईसीसी इवेंट में अपनी जीत के सिलसिले को बरकरार रखने उतरी है। बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का रिकॉर्ड शानदार रहा है।

कप्तान का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

## रोहित ने आसान कैच टपकाया, माफी मांगी लेकिन हैट्रिक से चूके गए अक्षर पटेल



चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज हो चुका है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ मैच की। दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा से एक ऐसी गलती हो गई जिससे अक्षर पटेल हैट्रिक से चूक गए। हिटमैन एक आसाना सा कैच नहीं ले पाए। यह घटना बांग्लादेश की पारी के नौवें ओवर की है। अपना पहला ओवर फेंकने आए अक्षर पटेल ने दूसरी ही गेंद पर बांग्लादेश को चौथा झटका तंजीद हसन के रुप में दिया। इसके बाद अगली गेंद पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मुशफिकुर रहीम को भारतीय स्पिनर ने अपना शिकार बनाया। वह खाता खोले बिना आउट हुए। अब अक्षर हैट्रिक से सिर्फ एक विकेट दूर थे। बाएं हाथ के गेंदबाज ने चौथी गेंद बाहर की तरफ डाली जिसपर जाकिर अली ने आगे बढ़कर इसे रोकने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले से लगकर सीधे फर्स्ट स्लिप पर खड़े रोहित शर्मा की तरफ चली गई। हिटमैन ने इस कैच को लपकने की कोशिश की लेकिन वह चूक गए। उनकी इस गलती के कारण अक्षर तीसरा विकेट लेने में कामयाब नहीं हुए। लप्पू से कैच को लपकने से चूके हिटमैन ने निराशा निराशा भी जताई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है।

अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका का मैच आज

## बैटिंग में मचेगी तबाही या बॉलिंग में होगा कमाल

**कराची।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का धमाकेदार आगाज हो गया है। ग्रुप ए में बैक टू बैक दो ब्लॉकबस्टर मुकाबले के बाद ग्रुप बी की पहली भिड़ंत अफगानिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। दोनों टीमें इस मैच के लिए 21 फरवरी को कराची के नेशनल बैंक क्रिकेट स्टेडियम में टकराएगी। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। अफगानिस्तान पिछले कुछ समय में शानदार फॉर्म में है तो साउथ अफ्रीका भी पाकिस्तान में त्रिकोणीय सीरीज खेलकर यहां के कंडीशन में खुद को पूरी तरह से ढाल लिया है। ऐसे में आइए जानते हैं इस मैच के लिए कैसी होगी पिच।

### अफगानिस्तान बनाम साउथ अफ्रीका, पिच रिपोर्ट

कराची क्रिकेट स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है। शुरुआती ओवरों में नई गेंद से जरूर कुछ परेशानी होती है, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है पिच बैटिंग से लिए आसान होती चली जाती है। सपाट पिच होने के कारण स्पिन गेंदबाजों को भी यहां कुछ खास मदद नहीं मिलती है। यही कारण है कि यहां हाई स्कोरिंग मुकाबला देखने को मिलता है। हालांकि, डे नाइट के मैच में अगर ओस पड़ती है तो इसका कुछ असर देखने को मिल सकता है। ऐसे में इसे मैदान पर जो भी टीम टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी का फैसला करना चाहेगी।

भारत से मुकाबले के लिए उनके बिना दुबई रवाना हुई पाकिस्तान टीम

## क्या चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए पाक बल्लेबाज फखर जमां?

एजेंसी | दुबई



पाकिस्तान क्रिकेट टीम कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले के लिए सलामी बल्लेबाज फखर जमां के बिना दुबई के लिए रवाना हो चुकी है। फखर को 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ उद्घाटन मैच के दौरान चोट लग गई थी। फखर का चोटिल होना बड़ा झटका है, क्योंकि सैम अयूब पहले ही चोट की वजह से टूर्नामेंट से बाहर हैं। फखर ने काफी समय बाद पाकिस्तान टीम में वापसी की थी, लेकिन चोट की वजह से एक मैच के बाद ही उन पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है।

### फखर की मांसपेशियों में खिंचाव

न्यूजीलैंड की पारी में फील्डिंग करते समय फखर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह पारी के अधिकांश समय मैदान से दूर रहे थे। 34 वर्षीय फखर को मुकाबले के दौरान पहले ओवर में सीमा रेखा तक गेंद का पीछा करते समय चोट लग गई थी। वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी की शुरुआत करने में सक्षम नहीं थे। इसकी वजह से पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट को सऊद शकील को स्टॉप-गैप ओपनर के रूप में भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा। फखर ने नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में 24 रन बनाए, लेकिन अपनी पारी के दौरान वह संघर्ष करते नजर आए। पाकिस्तान न्यूजीलैंड के खिलाफ ओपनिंग मैच में 60 रनों से हार गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) फखर जमां को लेकर कुछ घोषणा करेगी। फखर ने भारत में 2023 विश्व कप में खेलने के बाद चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान टीम में वापसी की थी। इस सलामी बल्लेबाज को घुटने की समस्या का लंबा इतिहास रहा है। अगर फखर अनफिट होते हैं तो पाकिस्तान सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक को टीम में शामिल कर सकता है। पहले मैच की बात करें तो सलामी बल्लेबाज विल यंग और टॉम लाथम के शतकों की मदद से न्यूजीलैंड न पाकिस्तान को 60 रन से हरा दिया। यंग ने 113 गेंद में 107 रन बनाए, जबकि लैथम 118 रन पर नाबाद रहे जिसके दम पर न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में पांच विकेट पर 320 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स ने कराची में खेले गए मैच में 39 गेंद में 61 रन बनाए।

### बाबर और रिजवान रहे फ्लॉप

पाकिस्तान के शीर्षक्रम के बल्लेबाज बाबर आजम ( 90 गेंद में 64 रन ), मोहम्मद रिजवान ( 14 गेंद में तीन रन ) और सऊद शकील ( 19 गेंद में छह रन) प्रभावित नहीं कर सके। मेजबान टीम 47.2 ओवर में 260 रन पर आउट हो गई। दो सप्ताह से कम समय में न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर यह तीसरी जीत है। कीवियों ने सीरीज में पाकिस्तान को दो बार हराया था।

हरमनप्रीत की मुंबई इंडियंस से मुकाबला आज होगा

## लगातार तीसरी जीत के लिए उतरेगी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु

एजेंसी | बंगलुरु



स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। गत चैंपियन आरसीबी ने अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। आरसीबी की नजरें अब मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होगी।

### आरसीबी ने सत्र की शानदार की है शुरुआत

आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के मौजूदा सत्र के पहले मैच में गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं जीते हैं।

आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है। इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।आरसीबी की तरफ से मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़ बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत कौर की अगुाई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

सोशल मीडिया पर मजेदार मीम्स वायरल

## 'बॉबी है कौन...', सहवाग और पार्थिव ने यूं लिए बाबर के मजे

एजेंसी | नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान को करारी हार का सामना करना पड़ा. मोहम्मद रिजवान की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम 60 रनों के बड़े अंतर से हार गई. वहीं, सोशल मीडिया पर बाबर आजम अपनी धीमी पारी की वजह से लगातार ट्रोल हो रहे हैं. दरअसल, बाबर आजम ने 90 गेंदों पर 64 रन बनाए. इसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस बाबर आजम को लगातार ट्रोल कर रहे हैं. साथ ही सोशल मीडिया पर मजेदार मीम्स वायरल बहरहाल, पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और पार्थिव पटेल ने बाबर आजम पर मजेदार कमेंट किया है.

क्रिकबज के एंकर ने वीरेंद्र सहवाग और पार्थिव पटेल से पूछा कि क्या चैंपियंस ट्रॉफी के शुरुआती मैच में 'बॉबी कर लेगा' का माहौल था? इसके बाद वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि मुझे 'बॉबी' के बारे में पता नहीं है, बॉबी है कौन... वहीं, पूर्व भारतीय ओपनर का मानना है कि बाबर आजम को अंत तक क्रीज पर रहना चाहिए था, साथ ही गेम फिनिश करना था, लेकिन वह ऐसा करने में नाकाम रहे. दरअसल, वीरेंद्र सहवाग यहीं नहीं रूके... वह एंकर से पूछने लगे कि 'बॉबी' है कौन, पहले मुझे ये बोलो. वहीं, वीरेंद्र सहवाग की बातें सुनकर पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल अपनी हंसी नहीं रोक सके. वीरेंद्र सहवाग ने आगे कहा कि 'बॉबी', किंग और कितने नाम है उसके... इसके बाद एंकर समेत वीरेंद्र सहवाग और पार्थिव पटेल अपनी हंसी नहीं रोक पाए. चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 60 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया. पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 320 रनों का स्कोर बनाया. न्यूजीलैंड के 321 रनों के जवाब में पाकिस्तान की टीम 47.2 ओवर में 260 रनों पर सिमट गई. पाकिस्तान के लिए खुशदिल शाह ने सबसे ज्यादा 49 गेंदों पर 69 रन बनाए।

## बिजनेस न्यूज

## एंड पिक्चर्स पर फुल-ऑन ट्विस्ट्स; 'मर्डर मुबारक' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर आज

एजेंसी | मुंबई




इस शुक्रवार तैयार हो जाइए जबर्दस्त सस्पेंस, रहस्य और रोमांच से भरी एक रात के लिए, क्योंकि एंड पिक्चर्स लेकर आ रहा है 'मर्डर मुबारक' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, शुक्रवार को रात 9:30 बजे। यह फिल्म एक कत्ल, कई संदिग्ध और फुल-ऑन थ्रिल प्रस्तुत करती है। ट्विस्ट इतने जबर्दस्त होंगे कि नजरें हटाना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि कहानी में हाई-वोल्टेज ड्रामा और दमदार परफॉर्मेंस शामिल है।

इस शानदार मर्डर मिस्ट्री का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है और इसमें पंकज त्रिपाठी, सारा अली खान, विजय वर्मा, करिश्मा कपूर, डिंपल कपाड़िया, टिस्का चोपड़ा और संजय कपूर जैसे दमदार कलाकार हैं। फिल्म एक एलीट सोसायटी के अंदर की सच्चाई को उजागर करती है, जहाँ एक हाई-प्रोफाइल मर्डर केस की जाँच से छुपे हुए इरादे, गहरे राज और चौंकाने वाली साजिशें सामने आती हैं। जब एक अनोखा इन्वेस्टिगेटर इस केस में कदम रखता है, तो परफेक्शन का दिखावा टूटने लगता है और झूठ का ऐसा जाल खुलता है, जिसमें हर कोई उलझा हुआ है।

फिल्म के इंटेंस ड्रामा पर बात करते हुए संजय कपूर कहते हैं, "मर्डर मुबारक की सबसे दिलचस्प बात यह है कि इसमें कोई भी पूरी तरह निर्दोष नहीं है। हर किरदार के कई रंग हैं, और जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, परत-दर-परत सबके असली चेहरे सामने आते हैं। जब आपको लगेगा कि अब सब समझ में आ गया, तभी एक और झटका मिलेगा। मुझे उस पल का बेसब्री से इंतजार है।

कैप्टन कूल ने दिए तनामुक्त जीवन के मंत्र

## जीवन को सरल बनाए रखें और कृतज्ञता का भाव रखें : महेन्द्र सिंह धोनी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने एक कार्यक्रम के दौरान तनाव मुक्त जीवन को लेकर मंत्र दिया है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि जीवन को सरल बनाए रखें। खुद के प्रति ईमानदार रहें, लोगों के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें, जो कुछ भी वे आपके लिए कर रहे हैं। धोनी अपने करियर के दौरान कैप्टन कूल के नाम से जाने जाते थे और मैदान पर शांत रहने की उनकी प्रवृति के सभी लोग कायल हैं। धोनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने को लेकर अपने रहस्य को साझा किया। उन्होंने खुद को लापरवाह इंसान बताया जो अपनी रात की नींद इस बात पर ध्यान देकर खराब नहीं करता कि अन्य लोग उनके बारे में क्या सोच रहे हैं।

43 वर्षीय इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने भारत को अपनी कप्तानी में 2011 वनडे विश्व कप और 2007 में टी20 विश्व कप का खिताब दिलाया था। इसके बाद टीम ने 2013 में उन्हें की नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। धोनी भारत के लिए अंतिम बार जून 2019 में खेलने उतरे थे और उन्होंने अगस्त 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। हालांकि, वह आईपीएल में अभी भी खेलते हैं।

धोनी को एक कार्यक्रम में अपने प्रशंसकों को सलाह देने के लिए कहा गया तो वह दार्शनिक हो गए। इस दौरान भारत के चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाजी संजू सैमसन भी मौजूद थे। धोनी ने कहा, मेरा मानना है कि जीवन को सरल बनाए रखें। खुद के प्रति ईमानदार रहें, लोगों के प्रति कृतज्ञता रखें, जो कुछ भी वे आपके लिए कर रहे हैं। हमेशा यह नहीं सोचें कि यह मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और अधिक की मांग करें। धोनी ने क्षमा करने की प्रवृत्ति पर जोर दिया जो उन्हें लगता है कि लोगों में अभी कम है। धोनी ने कहा, मुझे हमेशा लगता है कि आपके चेहरे पर मुस्कान होने से आधी समस्या हल हो जाती है। भले ही आप आरामदायक स्थिति में नहीं हों, भले ही ऐसा करना कठिन हो, लेकिन क्षमा करने की शक्ति होनी चाहिए। यह एक ऐसी चीज है जो हमारे में से बहुत से लोगों के पास नहीं है। हम बहुत बदला लेने वाले लोग बन गए है। इसने मुझे ऐसा बोला, मैंने ऐसा बोला...बस माफ कर दो, आगे बढ़ो, जीवन में खुश रहो, क्योंकि हम जो भी करते हैं, जब हम बड़े हो रहे थे तो हम हमेशा जीवन में खुश रहना चाहते थे।



### लापरवाह होना एक हद तक ठीक

धोनी ने कहा कि कुछ चीजों के प्रति लापरवाह होना दिन-प्रतिदिन के जीवन के दबाव को संतुलित करने में मदद करता है। उन्होंने कहा, हम सभी दबाव महसूस करते हैं। हमें हमेशा लगता है कि उसका जीवन बेहतर है लेकिन जो महत्वपूर्ण है वह यह है कि आप उस तनाव का प्रबंधन कैसे करते हैं, आप कितने तैयार हैं। मैं इसे बहुत सरल रखता हूं। बड़े होते हुए हमें बताया गया था कि आप लापरवाह नहीं हो सकते। लेकिन मुझे लगता है कि आज के माहौल में थोड़ा लापरवाह होना महत्वपूर्ण है क्योंकि आप अपने आस-पास होने वाली हर चीज के बारे में चिंता नहीं कर सकते। आप ये चीजें नहीं कर सकते जो आपके नियंत्रण में नहीं हैं।



बोर्डो, फ्रांस। एक आगंतुक दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल कला केंद्र, बासिन्स डेस लुमिएरेस में एक प्रदर्शनी।

## डिफेंस डील में मेक इन इंडिया की शर्त अनिवार्य

# भारत में ही बनाना होंगे जंगी विमान अन्यथा खटाई में पड़ जाएगा रक्षा सौदा

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

अमेरिका और रूस से मिले प्रस्तावों के बाद स्टील्थ फाइटर जेट की खरीद को लेकर सरगर्मी तेज होने लगी है। हालांकि भारत ने इस शर्त पर कायम रहने का फैसला किया है कि विदेशी कंपनी को देश में ही लड़ाकू विमानों का निर्माण करना होगा। अगले कुछ माह में भारत मेक इन इंडिया की शर्त के साथ 114 बहुद्देश्यीय लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए वैश्विक निविदा जारी कर सकता है।

हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब अमेरिका गए थे तो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को अत्याधुनिक स्टील्थ लड़ाकू विमान एफ-35 बेचने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद रूस ने भी एसयू-57 भारत को बेचने का प्रस्ताव दिया है। कई और कंपनियां भी इस दौड़ में हैं। जैसे दसाल्ट का राफेल, साब का ग्रिपन ई, बोइंग का सुपर हार्नेट, एयरबस का यूरोफाइटर टाइफून आदि। भारत ने 2018 में विभिन्न कंपनियों से प्रस्ताव भी मांगे गए थे। इसके बाद कुल आठ प्रस्ताव भारत को मिले थे, लेकिन अब तक निर्णय नहीं हो पाया। ज्यादातर कंपनियां भारत को विमान बेचने की इच्छुक तो हैं, लेकिन भारत में निर्माण की शर्त स्वीकार नहीं कर रही थीं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया है जल्द निकलने वाली निविदा में भी मेक इन इंडिया की अनिवार्य शर्त बनी रहेगी। अमेरिका की लाकिड मार्टिन जे-35 फाइटर प्लेन बनाती है। इसी विमान को बेचने का प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति ने दिया है।



सूत्रों की मानें तो यह कंपनी शायद ही भारत में विमानों के उत्पादन की शर्त स्वीकार करे, क्योंकि ट्रंप भी अमेरिका में ही विमान उत्पादन पर जोर दे रहे हैं। इधर, सूत्रों का कहना है रूस का रुख इस मामले में लचीला हो सकता है। रूस पूर्व में सुखोई की बिक्री भारत को उत्पादन की शर्त पर कर चुका है।

### बढ़ रही चीन की चुनौती

भारत जहां पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ विमानों की खरीद की तैयारी कर रहा है, वहीं चीन ने छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमान तैयार कर लिए हैं। वह पांचवीं पीढ़ी के 40 जे-35 विमान पाकिस्तान को भी बेचने जा रहा है। ऐसे में भारत की दोहरे मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ गई हैं। लड़ाकू विमानों की कमी से निपटने के लिए रक्षा सचिव की अध्यक्षता वाली समिति इसका हल निकालेगी।

### रूस के एसयू-57 की विशेषता

- दुनिया का सबसे घातक और तेज गति से हमला करने में सक्षम।
- इसमें एईएसए रडार सिस्टम है और यह क्रूज मिसाइल दाग सकता है।
- लगभग 54,000 फीट की ऊंचाई पर काम कर सकता है।
- इसकी मारक क्षमता लगभग 3,000 किलोमीटर है।
- विमान की गति 1800 मील प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।
- डबल इंजन और सिंगल सीट से लैस है आधुनिक लड़ाकू विमान।
- हवा में लंबी दूरी के ऑपरेशन को अंजाम देने में सक्षम।

### अमेरिकी एफ-35 की खासियत

- इसकी मारक क्षमता लगभग 2,200 किलोमीटर है।
- यह 1,200 मील प्रति घंटे की हाई स्पीड तक पहुंच सकता है।
- कॉकपिट में टच स्क्रीन, हेलमेट-माउंटेड डिस्प्ले सिस्टम का इस्तेमाल।
- चारों ओर छह इंफ्रारेड कैमरे लगे हैं।
- एफ-35 सिंगल सीट, सिंगल इंजन, सुपरसोनिक, सभी मौसम में काम करने वाला लड़ाकू विमान है।
- छह हजार से 8,100 किलो वजनी हथियार ले जाने की क्षमता।
- 50,000 फीट की ऊंचाई पर मारने में सक्षम, दुश्मन के रडार पर नहीं आएगा।

## कभी सदन से बाहर फेंके गए विजेंद्र गुप्ता बने स्पीकर




**एजेंसी ● नई दिल्ली**

दिल्ली में रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने शपथ ग्रहण कर ली है। भाजपा के विजेंद्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभाका स्पीकर बनाया गया है। यह पल एक नाटकीय बदलाव सा लगता है, क्योंकि इन्हीं विजेंद्र गुप्ता को मार्शलों द्वारा सदन से घसीटकर बाहर किया गया था। आज वही नेता उसी सदन में स्पीकर होंगे। साल 2019 में दिल्ली विधानसभा में प्याज के बढ़ते दामों को लेकर सदन में चर्चा करना चाह रहे थे, लेकिन बीजेपी के विधायकों की मांग को विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने खारिज कर दिया। मांग खारिज होने के बाद भी वो अपनी मांग पर अड़े रहे। इसके चलते विजेंद्र गुप्ता को मार्शलों की मदद से सदन से बाहर करवा दिया गया था। इसके बाद पार्टी के अन्य सदस्य भी वॉकआउट कर गए थे।

### अब पलट गई बाजी

दिलचस्प बात यह है कि पूर्व अध्यक्ष राम निवास गोयल और अरविंमद केजरीवालदोनों ही अब विधानसभा का हिस्सा नहीं हैं। विजेंद्र गुप्ता ने 2015 और 2020 में केजरीवाल लहर के बीच जीत हासिल की थी। मगर आज भाजपा की लहर के सामने आप के दोनों नेता हार गए हैं। इस तरह वही विजेंद्र गुप्ता अब सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता करेंगे, जिन्हें एक बार घसीट कर बाहर निकाला गया था।

## पनामा भेजे गए भारतीय लगा रहे मदद की गुहार





**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

अमेरिका में बिना कानूनी स्थिति वाले कई प्रवासियों को निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है। कार्रवाई के तहत कई निर्वासितों को पनामा के एक होटल में भेजा गया है, जिनमें कई भारतीय भी शामिल हैं। इन लोगों को जब तक उनके मूल देश में वापस नहीं भेज दिया जाता, उन्हें होटल में रखा जाएगा। होटल से कुछ प्रवासियों ने मदद की गुहार लगाई थी। उन्होंने खिड़कियों से 'कृपया हमें बचाओ' लिखे संकेत दिखाए। इस बीच भारतीय दूतावास ने कहा है कि भारतीय पनामा के होटल में सुरक्षित हैं और वहां जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले सप्ताह भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन और ईरान जैसे देशों के 299 प्रवासियों को पनामा भेजा गया था। इनमें से कुछ को डेरियन जंगल के पास एक दूरस्थ स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है। पनामा, निकारागुआ, कोस्टा रिका में भारतीय दूतावास ने गुरुवार को कहा कि उन्हें पनामा भेजे गए भारतीयों के समूह तक 'राजनयिक पहुंच' मिल गई है। दूतावास ने एक्स एक बयान में कहा, ''पनामा के अधिकारियों ने हमें बताया है कि कुछ भारतीय अमेरिका से पनामा पहुंचे हैं। वे सुरक्षित हैं और एक होटल में ठहरे हैं, जहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। दूतावास की टीम ने उनसे मिलने की अनुमति ले ली है। हम उनकी देखभाल के लिए स्थानीय सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'' इसी प्रकार कोस्टा रिका ने गुरुवार से भारत, पाकिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे देशों से 200 प्रवासियों को स्वीकार करने पर सहमति व्यक्त की है। पनामा ने प्रवासियों को शहर के डेकापोलिस नामक होटल में रखा है। निर्वासितों को उनके होटल से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। होटल की सुरक्षा पुलिस की ओर से की जा रही है। पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक अब्रेगो ने इस बात से इनकार किया है कि प्रवासियों को 'हिरासत' में लिया गया है। उन्होंने कहा, ''पनामा के नागरिकों की सुरक्षा और शांति की गारंटी के लिए इन लोगों को हमारे देश में घूमने की अनुमति नहीं है। हम उन्हें सभी आवश्यक चिकित्सा, भोजन और आरामदायक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।''

## पीड़ादायक : हमास ने पूरी की शर्त,इजरायल में मातम

# दो मासूमों और उनकी मां सहित चार शव लौटाए

**ये शव शिरी बिबास और उसके दो बच्चों, एरियल और केफिर के हैं। इसके साथ ही इन शवों में ओडेड लिफशिट्ज की भी बॉडी है, जो अपहरण के समय 83 वर्ष के थे। केफिर, जो 9 महीने का था, सबसे कम उम्र का बंदी था।**

**एजेंसी ● येरूशलम**

**मातम**

हमास ने गुरुवार को चार इजरायली बंधकों के शव लौटाए, जिसके बाद इजरायल में मातम छा गया। इनमें एक मां और उसके दो बच्चे शामिल हैं, जिनके बारे में लंबे समय से आशंका जताई जा रही थी कि वे मर चुके हैं और 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमले के बाद पूरे देश के लिए एक पीड़ादायक याद बन गए थे। ये शव शिरी बिबास और उसके दो बच्चों, एरियल और केफिर के हैं। इसके साथ ही इन शवों में ओडेड लिफशिट्ज की भी बॉडी है, जो अपहरण के समय 83 वर्ष के थे। केफिर, जो 9 महीने का था, सबसे कम उम्र का बंदी था।





**डीएनए टेस्ट से होगी पहचान -** हमास ने कहा है कि इजरायली हवाई हमलों में ये चारों और उनके गार्ड मारे गए। हमास के लड़ाकों ने गाजा पट्टी में चार काले ताबूतों में ये शव सौंपे। इसके बाद लड़ाके ताबूतों को रेड क्रॉस के वाहनों में ले गए, जहां लाल जैकेट पहने कर्मचारियों ने उन्हें अंदर रखने से पहले सफेद चादरों से ढक दिया। रेड क्रॉस का काफिला वापस इजरायल चला गया, जहां अधिकारी डीएनए का उपयोग करके अवशेषों की औपचारिक पहचान करेंगे, जिसमें दो दिन तक का समय लगने की उम्मीद है। उसके बाद ही परिवारों को अंतिम सूचना दी जाएगी।

**नकाबपोश लड़ाकों ने सौंपे शव -** उधर, इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उन्हें ताबूत मिल गए हैं। हमास और अन्य गुटों के बड़ी संख्या में नकाबपोश और सशस्त्र लड़ाकों सहित हजारों लोग दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस के बाहरी इलाके में हैंडओवर साइट पर एकत्र हुए थे। इजरायली चैनलों ने हैंडओवर का प्रसारण नहीं किया। इससे पहले तेल अवीव के होस्टेज स्क्वायर में इजरायली लोग जीवित बंधकों की रिहाई देखने के लिए एकत्र हुए थे, एक बड़ी स्क्रीन पर बंधक परिवारों की तस्वीरों और वीडियो को दिखाया था, जिसमें एक खिलखिलाता हुआ बच्चा केफिर और बैटमैन की वेशभूषा में सजे परिवार शामिल थे।

**हमारे दिल टूट गए : राष्ट्रपति -** इजराइली राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग ने एक बयान में कहा, "हमारे दिल - पूरे देश के दिल - टूट गए हैं।" "इज़राइल राज्य की ओर से, मैं अपना सिर झुकाता हूं और माफी मांगता हूं। उस भयानक दिन पर आपकी रक्षा न करने के लिए माफ़ी। आपको सुरक्षित घर न पहुंचाने के लिए माफ़ी।" उग्रवादियों ने गाजा पट्टी में एक मंच पर चार काले ताबूत प्रदर्शित किए, जो बैनरों से घिरे थे, जिनमें से एक बड़े बैनर में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को पिशाच के रूप में दर्शाया गया था।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक - दीपक बुड़ाना द्वारा प्रकाश प्रिंटर्स, 03, प्रेस काम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 230, ओल्ड अशोका गार्डन, भारत गैस एजेंसी के सामने, भोपाल से प्रकाशित।

संपादक - दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2015/63660 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र भोपाल रहेगा)